MCDERMOTT

# व्यवसाय आचार संहिता



# विषय-सामग्री

**3 CEO का संदेश**
**4 हमारी संहिता**
**6 हमारे आदर्श**
**8 व्यावसायिक आचरण**
9 भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और मनी लौंडरिंग को रोकना
12 हित संघर्ष से बचना
14 उपयुक्त उपहारों और मनोरंजन का आदान-प्रदान करना
16 इनसाइडर ट्रेडिंग से बचना
17 विश्वास-रोधी, आयात, निर्यात और व्यापार अनुपालन क़ानून का पालन करना
**20 एक साथ मिलकर काम करना**
21 सम्मान, विविधता, इक्विटी और समावेश को बढ़ावा देना
23 एक उत्पीड़न-मुक्त कार्य स्थल को बनाए रखना
25 सकारात्मक आपूर्तिकर्ता संबंधों को बढ़ावा देना
26 निष्पक्ष तरीके से प्रतिस्पर्धा और अनुबंध करना
28 लेखापरीक्षण और छानबीन में सहयोग करना
**30 लोगों और पर्यावरण की रक्षा करना**
31 हमारे रिकॉर्ड्स को प्रबंधित करना
33 हमारी भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक और वित्तीय परिसंपत्तियों को सुरक्षित करना
35 हमारी परियोजनाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को बढ़ावा देना
36 हमारी कंपनी की तरफ से बोलनाा
37 सोशल मीडिया का उपयोग करना
39 एक स्वास्थ्यप्रद, सुरक्षित और निरापद कार्यस्थल को बनाए रखना
41 पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देना
42 सामाजिक जिम्मेदारी और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना
44 राजनीतिक दृष्टि से जुड़ना
**46 हमारी प्रतिबद्धता**
47 लागत-सचेत बनना
48 कर्मचारियों का नेतृत्व और विकास करना
50 कर्मचारी देना और स्वयंसेवा करना
51 हमारी जानकारी और पहचान की रक्षा करना
53 बोलना या आवाज उठाना
53 शून्य प्रतिशोध

# CEO का संदेश



मैकडर्मट में, आचारनीति और निष्ठा के मामले में एक अटूट प्रतिबद्धता, हमारे व्यवसाय की नींव है। इसी प्रतिबद्धता की बदौलत एक सदी से भी अधिक समय तक इतनी वृद्धि देखने को मिली है। इस परंपरा को आगे ले जाने के लिए, हममें से प्रत्येक व्यक्ति को एकसमान रूप से यह उदाहरण पेश करना होगा कि यह संगठन कैसे दुनिया भर में उत्कृष्टता का परिचय देता है।

मैकडर्मट की व्यवसाय आचार संहिता, कुछ ऐसे साधनों में से एक है जो हमारे दैनिक संवादों और कार्य-प्रथाओं को मार्गदर्शन देते हैं। यह एक ऐसा संसाधन है जो उन मानकों का प्रतिनिधित्व करने में आपकी मदद करता है जिनकी मदद से मैकडर्मट अपना व्यवसाय करता है। इससे कर्मचारियों और ठेकेदारों को सही काम करने, और आवाज उठाने की शक्ति मिलती है और सुधार सम्बन्धी सुझाव देने का प्रोत्साहन मिलता है। इसे पढ़ें। इसे अक्सर देखते रहें। इससे आपको हर मोड़ पर सही विकल्प चुनने और अपने आसपास मौजूद लोगों के लिए जवाबदेह बनने में मदद मिलेगी।

निष्ठा, मैकडर्मट के पांच आदर्शों में से एक है। हम इसी तरह अपने बीच और उनके साथ विश्वास पैदा करते हैं जिनके साथ हम व्यवसाय करते हैं। हमारी निष्ठा को बनाए रखने के लिए व्यवसाय आचार संहिता आवश्यक है और हमारी भावी सफलता को बनाए रखने के लिए हमारी निष्ठा आवश्यक है।



भवदीय,

**Michael McKelvy**
**अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी**

# हमारी संहिता




मैकडर्मट में, हमारा एक ही सपना है। हम एक कंपनी - **एक टीम** है जिसका एक ही उद्देश्य है, अभिनव समाधान विकसित करना जिससे कल की समस्याओं का समाधान हो सके - आज ही। इस सपने को पूरा करने के लिए हमारे आदर्शों के मामले में अटूट **प्रतिबद्धता** का होना आवश्यक है।

आप अपने दैनिक कार्य में हमारे आदर्शों को जीवंत रूप देने में मदद करते हैं और हमारी संहिता यहाँ मदद करने के लिए है। इसे हमारे द्वारा व्यवसाय करने के तरीके की आधारशिला, जिस पर हम विश्वास करते हैं उसका एक बयान और खुलकर और ईमानदारी के साथ - **निष्ठा** के साथ कार्य करने के लिए एक मार्गदर्शन समझें।

यद्यपि इससे प्रत्येक परिस्थिति का जवाब नहीं मिल सकता है लेकिन फिर भी यह संहिता आपको आचारनीति सम्बन्धी निर्णय लेने के लिए आवश्यक संसाधनों की तरफ इशारा करती है। अपने काम में अक्सर इसे देखते रहें, सही निर्णय का उपयोग करें और अतिरिक्त सहयोग की जरूरत पड़ने पर हमेशा मार्गदर्शन मांगें।

इसके अलावा, इस बात का भी ध्यान रखें कि हमारी संहिता, मैकडर्मट में काम करने वाले हर व्यक्ति पर लागू होती है, जिसमें हमारे सभी स्थानों में काम करने वाले पूर्णकालिक और अंशकालिक कर्मचारियों के साथ-साथ हमारे लिए या हमारी तरफ से काम करने वाले लोग, जैसे व्यवसाय साझेदार, सलाहकार, एजेंट, विक्रेता, सामग्रियों, सेवाओं या मजदूरों के आपूर्तिकर्ता और अन्य तृतीय पक्ष भी शामिल हैं।

## एक कर्मचारी के रूप में आपकी जिम्मेदारियां क्या हैं?

सभी कर्मचारियों से यह उम्मीद की जाती है कि वे:

- हमारी संहिता और किसी प्रासंगिक नीतियों, कानूनों और विनियमों के बारे में जानें और उनका पालन करें।
- प्रत्येक संवाद को सर्वोच्च स्तर की **निष्ठा** के साथ संभालें।
- दुराचरण से संबंधित छानबीन में पूरी तरह सहयोग करें।
- कहीं कोई दुराचरण दिखाई देने पर या उसका संदेह होने पर आवाज उठाएं।
- क्या करना है, इस सम्बन्ध में अनिश्चित होने पर सवाल पूछें।

## एक प्रबंधक के रूप में आपकी जिम्मेदारियां क्या हैं?

प्रबंधकों की कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारियां होती हैं। यदि आप एक प्रबंधक हैं:

- हमारी संहिता और हमारे आदर्शों का पालन करके और उनके बारे में बार-बात बात करके **निष्ठा** का एक आदर्श नमूना बनें।
- एक आसान नीति बनाएं और संहिता के बारे में कर्मचारियों के सवालों के जवाब देने के लिए तैयार रहें।
- अपनी टीम के सदस्यों को संहिता को अक्सर देखते रहने और अपने टीम संचार में संहिता सम्बन्धी विषयों पर चर्चा करके उसे मजबूत बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।
- हमारी संहिता का उल्लंघन दिखाई देने या उसका संदेह होने पर तुरंत, उपयुक्त कदम उठाएं लेकिन खुद कोई छानबीन न करें।
- उल्लंघन की खबर देने वाले कर्मचारियों से कभी प्रतिशोध न लें या दूसरों को प्रतिशोध लेने न दें।

## हमारी संहिता का उल्लंघन किए जाने पर क्या होता है?

हमारी संहिता का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है जिसमें अतिरिक्त प्रशिक्षण और लिखित या मौखिक चेतावनी से लेकर परिवीक्षा अवधि या समाप्ति तक शामिल है।

# सही निर्णय लें

हम यह उम्मीद नहीं करते हैं कि आप हर स्थिति को संभालने के सही तरीके के बारे में अपने आप जानते होंगे, लेकिन यदि कोई ऐसी बात सामने आती है जिसके बारे में अनिश्चित हैं तो सबसे पहले अपने आपसे यह सवाल करें:

**क्या यह कानूनी है?**

**क्या यह हमारी नीतियों का पालन करता है?**

**क्या इसमें हमारे आदर्शों की झलक मिलती है?**

**क्या मुझे सहज महसूस होगा यदि मेरे कारनामों को प्रकाशित कर दिया जाय?**

**क्या मैं इसी तरह की परिस्थिति में किसी और को इसी तरह का काम करने की सलाह दूंगा?**

यदि इन सभी सवालों के बारे में आपका जवाब "**हाँ**" है तो आगे बढ़ना शायद ठीक है। लेकिन यदि इनमें से किसी भी सवाल के सम्बन्ध में आपका जवाब "**नहीं**" या "**हो सकता है**" है तो रुक जाएं। कुछ न करें जब तक आपको अपने प्रबंधक या किसी अन्य कंपनी संसाधन से कोई सलाह नहीं मिलती।

# हमारे आदर्श

मैकडर्मट टीम के सदस्य होने के नाते, हम अपनी उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखने और हमारी कंपनी को शक्ति प्रदान करने वाले आदर्शों के साथ जीने के लिए एक दूसरे पर निर्भर करते हैं।

हमारे आदर्शों को बनाए रखने के लिए अपनी भूमिका निभाएं:

## निष्ठा

हम कानूनी और आचारनीति आचरण का सख्ती से पालन करते हैं।

- सही काम करें ... यहाँ तक कि तब भी जब कोई देख न रहा हो।
- अपने नेतृत्व का उदाहरण पेश करें।
- कुछ गलत होता हुआ दिखाई देने पर सम्मानपूर्वक ढंग से आवाज उठाएं।
- खुलकर और ईमानदारी के साथ बात करें।
- जब आप गलत हों तब उसे स्वीकार करने के इच्छुक बनें।

## एक टीम

हम एक कंपनी हैं, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति एक समान रूप से महत्वपूर्ण है।

- सम्पूर्ण कंपनी के सार्वोत्तम परिणाम प्राप्त के लिए निर्णय लें; एकाकीपन को तोड़ें।
- निर्णय लेते समय प्रभावित सभी हितधारकों को उद्देश्यपूर्ण तरीके से शामिल करें; पारदर्शित बनें।
- एक विविध टीम बनें; अलग-अलग दृष्टिकोण प्राप्त करने से सार्वोत्तम समाधान निकलते हैं।
- टीम के प्रयासों को मान्यता दें और कामयाबी का जश्न मनाएं।
- अपने विचारों, सर्वोत्तम कार्य-प्रथाओं और सीखे गए सबकों को शेयर करें; अन्य लोगों की बातों को सुनें और उनका सम्मान करें।

## परे जाएं

हम साहसिक और रचनात्मक समाधान चाहते हैं।

- नए-नए तरीकों से काम करने के लिए तैयार रहें।
- टीमें और व्यक्ति मानदंड के परे जाने के लिए लगातार एक दूसरे को चुनौती देते हैं।
- कर्मचारियों को आराम क्षेत्र से बाहर कदम रखने और सुरक्षित महसूस करने के लिए उन्हें सशक्त बनाया जाता है और सहारा दिया जाता है।
- व्यक्तियों को चपलता और रचनात्मकता विकसित और प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और उसके लिए उन्हें मान्यता दी जाती है और पुरस्कृत किया जाता है।
- अभिनव समाधान विकसित करने के लिए मिलकर काम करें।

## कल्याण


हम सभी प्रकार के कल्याण को बढ़ावा देते हैं।

- सुरक्षा हमारे सभी निर्णयों का मार्गदर्शन करती है।
- सुरक्षित ढंग से काम करना और दूसरों का ख्याल रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।
- मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य।
- कार्य/जीवन सामंजस्य बनाने में मदद करें।
- पर्यावरण और समुदायों की रक्षा करें और उन्हें सुरक्षित रखें जिनमें हम रहते और काम करते हैं।

## प्रतिबद्धता

हम गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रदान करने के मामले में विश्वसनीय और भरोसेमंद हैं।

- स्पष्ट और वास्तविकतावादी योजनाओं के माध्यम से समय-सूची, गुणवत्ता, लागत और सुरक्षा के मामले में निश्चितता प्रदान करें।
- मालिकी और जवाबदेही ग्रहण करें; सामने आने वाली समस्याओं पर ध्यान दें।
- लागत-सचेत बनें।
- हमारे कर्मचारियों का विकास करें।
- चुनौतियाँ स्वीकार करें और प्रतिकूल माहौल में भी सफल परिणाम प्राप्त करने की उम्मीद करें।



# निष्ठा

हम अपने आदर्शों पर जीते हैं और सही काम करते हैं – चाहे कोई हमें देख रहा हो या नहीं। हमारी विरासत का सम्मान करें और ईमानदार रहकर, नेतृत्व सम्बन्धी उदाहरण पेश करके और अपने हर काम में निष्ठा के साथ काम करके हमारे भविष्य को बेहतर बनाने में मदद करें।

# व्यावसायिक आचरण

**इस खंड में:**

- भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और मनी लौंडरिंग को रोकना
- हित संघर्ष से बचना
- उपयुक्त उपहारों और मनोरंजन का आदान-प्रदान करना
- इनसाइडर ट्रेडिंग से बचना
- विश्वास-रोधी, आयात, निर्यात और व्यापार अनुपालन क़ानून का पालन करना

# भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और मनी लौंडरिंग को रोकना

## एक उद्देश्य

हम आगे बढ़ने के लिए कभी अपने आदर्शों के साथ समझौता नहीं करते हैं। हमारे उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के माध्यम से - न कि किसी अनैतिक या गैरकानूनी क्रियाकलाप के माध्यम से - सफलता प्राप्त करके, हम अपने समुदायों, हमारे ब्रांड और एक दूसरे की रक्षा करते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम जहाँ भी व्यवसाय करते हैं वहाँ भ्रष्टाचार-विरोधी और रिश्वत-विरोधी कानूनों का पालन करते हैं। स्थानीय क़ानून जो भी अनुमति दे सकता है उसकी परवाह किए बिना, हम दूसरों के कार्यों या निर्णय को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के लिए - प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से - कभी कोई मूल्यवान वस्तु देने की पेशकश नहीं करते हैं, नहीं देते हैं, देने का वादा नहीं करते हैं या स्वीकार नहीं करते हैं।

मनी लौंडरिंग का संकेत दे सकने वाले वित्तीय लेनदेनों का पता लगाने के मामले में हम अग्रसक्रिय हैं। मनी लौंडरिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जहाँ आपराधिक क्रियाकलाप - जैसे आतंकवाद और नशीले पदार्थों के लेनदेन - के माध्यम से आने वाले पैसों को उनकी आपराधिक उत्पत्ति को छिपाने के लिए किसी वैध व्यवसाय के माध्यम से स्थानांतरित किया जाता है।  इसी तरह, "रिवर्स" मनी लौंडरिंग, किसी गैरकानूनी उपयोग के लिए पैसों के कानूनी स्रोत को छिपाने का काम करता है, जैसे टैक्स देने से बचकर या रिश्वत देकर।

हम जहाँ भी काम करते हैं वहाँ सरकारी और सार्वजनिक अधिकारियों के साथ ईमानदार और पारदर्शी सम्बन्ध बनाने; और सर्वोच्च नैतिक मानकों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उनके साथ निष्पक्ष तरीके से अनुबंध करते हैं और सभी सरकारी निरीक्षण, छानबीन या जानकारी सम्बन्धी अनुरोध का पालन करते हैं और उसमें सहयोग करते हैं।

हमारा लक्ष्य एक ऐसे तरीके से व्यवसाय करना है जो भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और शक्ति के दुरुपयोग को रोकता हो। यहाँ तक कि अनुचित व्यवहार की सम्भावना से भी बचने के लिए, हम निम्नलिखित बातों का ध्यान रखते हैं।

### भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को रोकना:

- **रिश्वत का पता लगाना सीखें** – अनुकूल बर्ताव या अन्य अनुचित लाभ के बदले कोई मूल्यवान वस्तु देना रिश्वत कहलाता है। रिश्वत के कई रूप हो सकते हैं, जिनमें शामिल है:
  - नकद या नकद के समान कोई वस्तु (जैसे गिफ्ट कार्ड)
  - भोजन या मनोरंजन
  - उपहार (चाहे वह जितना भी छोटा क्यों न हो)
  - नौकरी की पेशकश
  - लाभ या पक्षपात
  - परोपकारी, राजनीतिक या औद्योगिक योगदान
- **सहूलियत भुगतान के अनुरोध का विरोध करें** – सहूलियत भुगतान को ग्रीस भुगतान भी कहा जाता है। ध्यान रखें कि:
  - कुछ देशों में, निम्न-स्तरीय अधिकारी, अपने गैर-विवेकाधीन कर्तव्यों का तेजी से पालन करने के लिए थोड़ी सी मात्रा में नकद भुगतान का अनुरोध कर सकते हैं, जैसे आपके एग्जिट वीज़ा पर स्टाम्प लगाना। यह आम तौर पर एक गैरकानूनी रिश्वत सम्बन्धी अनुरोध है।
  - उन असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, जिनमें सुविधा भुगतान करना कानूनी और उपयुक्त हो और जिसके लिए सिर्फ़ मुख्य नैतिकता और अनुपालन अधिकारी का पूर्व-अनुमोदन लिया गया हो, McDermott द्वारा कोई भी सुविधा भुगतान नहीं किया जाता है.
- **आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करें** – हमारी नीतियों का पालन करना और जरूरत पड़ने पर अनुमोदन प्राप्त करना हमारी जिम्मेदारी है। सुनिश्चित करें, आप उपयुक्त अनुमोदन प्राप्त करते हैं जब:
  - सार्वजनिक अधिकारियों को उपहार या मनोरंजन देना।
  - परोपकारी, राजनीतिक या औद्योगिक कारणों के लिए कंपनी का पैसा देना।

# भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और मनी लौंडरिंग को रोकना

- **तीसरे पक्षों पर नजर रखें** – सिर्फ हमारे कर्मचारियों के कृत्यों के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले तीसरे पक्षों के कार्यों के लिए भी हम ही जिम्मेदार हैं।
  - यदि आप तीसरे पक्षों को नियुक्त करते हैं तो एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि यथोचित परिश्रम किया जाता है।
  - यदि आप तीसरे पक्षों को प्रबंधित करते हैं तो उनके कार्य पर नजर रखें और कहीं कोई रिश्वतखोरी या अन्य अनुचित प्रभाव दिखाई देने या संदेह होने पर आवाज उठाएं।
- **सटीक रिकॉर्ड्स रखें** – कंपनी के रिकॉर्ड्स में कभी कोई झूठी या गुमराह करने वाली प्रविष्टियाँ न करें या झूठे दस्तावेज तैयार न करें।
- **जरूरत पड़ने पर मार्गदर्शन मांगें** – कोई भी महत्वपूर्ण वस्तु प्रदान या प्राप्त करने से पहले, खुद से पूछें कि क्या इससे कोई भावी उम्मीद है और क्या उपयुक्त और स्वीकार्य है, इस बारे में अनिश्चित होने पर मदद मांगें।

## मनी लौंडरिंग को रोकना:

- चेतावनी चिन्ह ढूंढें। आवाज उठाएं यदि आपको दिखाई देता है:
  - रिकॉर्ड रखने की आवश्यकताओं से बचने का प्रयास
  - नगद में भुगतान करने का प्रयास
  - उन संस्थानों द्वारा या उन संस्थानों को किया गया भुगतान जो लेनदेन वाली पार्टियाँ नहीं हैं
  - भुगतान उत्पत्ति देश के अलावा किसी दूसरे देश में माल भेजने का अनुरोध
  - किसी तीसरे पक्ष के लेनदेनों की पद्धति में संदिग्ध परिवर्तन
- सचेत रहें - अपने विभाग में तीसरे पक्षों, गतिविधियों और लेनदेन के प्रकार के बारे में जानें जो मनी लौंडरिंग के कृत्यों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं और जरूरत पड़ने पर अपनी निगरानी को बढ़ाएं।



## सार्वजनिक अधिकारियों के साथ काम करना:

- आपके काम पर और उस देश में जहाँ आप काम करते हैं, लागू होने वाले नियमों के बारे में जानें और उनका पालन करें । किसी अनोखी कानूनी आवश्यकताओं और प्रतिबंधों पर अतिरिक्त ध्यान दें।
- हमारी कंपनी को खतरे में डाल सकने वाले किसी क्रियाकलाप के बारे में आवाज उठाएं।
- सुनिश्चित करें कि अनुबंध की सारी शर्तें लिखित रूप में हों और वे समझौते का वर्णन साफ़-साफ़ और सटीक ढंग से करती हों।
- किसी भी सार्वजनिक अधिकारी को कोई उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य देने के पहले संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम से परामर्श करें.
- किसी भी सरकारी छानबीन या जानकारी संबंधी अनुरोध के बारे में S&G टीम को तुरंत सूचित करें.

# भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और मनी लौंडरिंग को रोकना



**"सार्वजनिक अधिकारियों" की पहचान करते समय याद रखें कि यह पद काफी व्यापक है और यह सिर्फ निर्वाचित या नियुक्त अधिकारियों पर ही नहीं, बल्कि सरकारी एजेंसियों और सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों या संस्थानों के कर्मचारियों पर भी लागू होता है। उदाहरणों में शामिल है:**

- राज्य के स्वामित्व वाले व्यवसायों या राष्ट्रीय तेल कंपनियों के कर्मचारी
- कस्टम, इमिग्रेशन या टैक्स अधिकारी
- नियामक एजेंसी के अधिकारी
- राजनीतिक उम्मीदवार और राजनीतिक दल
- सैन्य कर्मी
- एक सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय संगठन, जैसे संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ या विश्व बैंक के कर्मचारी
- किसी भी सरकार या सरकार की शाखा की तरफ से एक सार्वजनिक सेवा प्रदान करने वाला व्यक्ति, जैसे एक सरकारी एजेंसी में एक स्वतंत्र रिपोर्ट जारी करने वाला लेखा-परीक्षक

## एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **मैं अपने क्लाइंट, एक सरकार-स्वामित्व वाली तेल कंपनी में एक अधिकारी के साथ काम कर रहा हूँ। हमारे नियंत्रण के बाहर, देरी के कारण एक विस्तार के लिए हमारे अनुरोध की पर्याप्तता के बारे में हमारे बीच एक अनुबंधात्मक विवाद चल रहा है। अधिकारी ने हमें हमारी आतंरिक सुनवाई में सफलता के लिए हमारा सर्वोत्तम मामला तैयार करने में हमारी मदद करने के लिए एक सलाहकार के रूप में उसके भाई को नियुक्त करने का सुझाव दिया है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** अगर हमने एक से ज़्यादा योग्य उम्मीदवारों में से चुनने के बाद और इस बात की उम्मीद किए बिना कि उम्मीदवार कोई भी पारिवारिक प्रभाव नहीं डालेगा, सबसे अच्छी योग्यता प्राप्त उम्मीदवार के तौर पर भाई को नियुक्त किया होता, तो संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम द्वारा इसकी समीक्षा की जाने पर ऐसा करना कुछ परिस्थितियों में स्वीकार्य होता. हालांकि, इन परिस्थितियों में, यह साफ़ है कि अधिकारी यह दिखाकर अपने भाई को लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रहा है कि इससे McDermott को कुछ फ़ायदा होगा. किसी भी बात पर सहमति दिए बिना भाई की जानकारी प्राप्त करें और S&G टीम से तुरंत संपर्क करें.

### और जानें

SG-EC-PL-00200.00/रिश्वत-विरोधी नीति

COMN-GEN-PR-00100.00/तृतीय-पक्ष योगदान नीति

# हित संघर्ष से बचना



## एक उद्देश्य

हमारा लक्ष्य **एक टीम** के रूप में सफल होना है – इसलिए, हम इस ढंग से काम करते हैं जिससे हमारे सहकर्मियों, हमारे ग्राहकों और हमारी कंपनी के हितों की रक्षा हो सके।


## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम उन सभी परिस्थितियों से बचते हैं और उनका खुलासा करते हैं जिनकी वजह से मैकडर्मट के हितों के साथ हमारे हितों या एक परिवार के सदस्य के हितों या अन्य बाहरी हितों का टकराव हो सकता हो।

इन परिस्थितियों को हित संघर्ष कहा जाता है, और एक संघर्ष का एहसास भी मैकडर्मट के लिए हानिकारक हो सकता है।

हित संघर्ष से बचने के लिए, यह समझना मददगार होगा कि वे आम तौर पर कब होते हैं। जबकि प्रत्येक संघर्ष परिदृश्य को सूचीबद्ध करना संभव नहीं है, लेकिन फिर भी कुछ ऐसी परिस्थितियां हैं जहाँ संघर्ष या टकराव होने की अधिक सम्भावना रहती है।

उदाहरण के लिए, निम्नलिखित कार्य करने से पहले अपने प्रबंधक से बात करें:

| | |
|---|---|
| **बाहरी या अंशकालिक कार्य ग्रहण करने से पहले**  | एक प्रतिस्पर्धी या एक ऐसी कंपनी के लिए काम करने से पहले जो या तो हमारे साथ व्यवसाय करता/करती है या करना चाहता/चाहती है। |
| **एक वित्तीय हित**  | किसी प्रतिस्पर्धी या किसी ऐसी कंपनी में एक निवेश करने से पहले जो या तो हमारे साथ व्यवसाय करता/करती है या करना चाहता/चाहती है। |
| **व्यक्तिगत सम्बन्ध**  | परिवार के सदस्यों, दोस्तों, व्यवसाय साझेदारों, सह-निवासियों या प्रेम संगी/संगीनी को नियुक्त, पदोन्नत या पर्यवेक्षण करने के कार्य में शामिल होने से पहले। |
| **एक बाहरी अवसर**  | यहाँ मैकडर्मट में अपने कार्य के माध्यम से पता चलने वाले किसी अवसर को ग्रहण करने से पहले जिसे आप अपने लिए ग्रहण करते हैं। |
| **एक बोर्ड की सदस्यता**  | एक भूमिका (जैसे, निदेशक, सलाहकारी सदस्य या अधिकारी के रूप में) जो मैकडर्मट में आपके दायित्वों में बाधा बनती है। |

# हित संघर्ष से बचना

## हित संघर्ष का पता लगाना :

चूंकि हम सभी संभावित परिदृश्यों को सूचीबद्ध नहीं कर सकते हैं, इसलिए आपको या आपकी जान-पहचान के किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचा सकने वाले सम्बन्ध, हित या क्रियाकलाप में शामिल होने से पहले अपने आपसे पूछें:

क्या यह मुझे एक ऐसी स्थिति में डाल सकता है जहाँ मैं अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद का उपयोग कर सकता हूँ?

क्या मैकडर्मट के लिए मेरे द्वारा किए जाने वाले फैसलों में यह रुकावट बन सकता है?

क्या यह मैकडर्मट के हितों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकता है?

क्या इससे दूसरों को ऐसा लग सकता है कि यह एक संघर्ष या टकराव है यदि ऐसा न हो तब भी?

यदि इनमें से किसी भी सवाल के लिए आपका जवाब "हाँ", "हो सकता है" या "मैं सुनिश्चित नहीं हूँ" है तो वह परिस्थिति एक हित संघर्ष पैदा कर सकती है। अपने प्रबंधक से **तुरंत** इसके बारे में बात करें।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न मेरे परियोजना स्थल पर अतिरिक्त मजदूरों की मांग के लिए किस मजदूर उपठेकेदार को अनुरोध भेजना है, इसका चयन करने का प्रभार मेरे ऊपर है। मेरे संपर्क के मजदूर उपठेकेदारों में से एक ने सुझाव दिया है कि मेरी परियोजना पूरी होने के बाद वे मुझे एक पद दे सकते हैं और उन्होंने मुझसे मेरा रिज्यूमे माँगा है। क्या मुझे इसे भेजना चाहिए?**

**उत्तर** जबकि यह पूरी तरह से एक भोला-भाला अनुरोध हो सकता है लेकिन दूसरों के लिए यह भविष्य में किसी चीज की पेशकश की तरह लग सकती है जो आपके द्वारा उपठेकेदार को सामान्य से अधिक व्यवसाय प्रदान किए जाने के लिए एक इंसेंटिव या प्रोत्साहन की तरह लग सकता है। अपना रिज्यूमे भेजने से पहले, उस अनुरोध और उपठेकेदार के साथ हमारे व्यवसाय की हद और उनके साथ और उनके कर्मचारियों के साथ अपनी पूर्व बातचीत से जुड़ी सारी जानकारी इकठ्ठा करें। अपना रेज़्यूमे भेजने से पहले संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम से संपर्क करें.। उपहार और मनोरंजन की तरह, अधिकांश अनुरोधों को अनुमोदित किया जाता है, और आपकी यही पारदर्शिता, कुछ अनुचित किए जाने की सम्भावना के संदेह से आपकी रक्षा करेगी। आपके अनुरोध के साथ गोपनीय तरीके से बर्ताव किया जाएगा।

### और जानें

SG-EC-PL-00200.00/रिश्वत-विरोधी नीति

# उपयुक्त उपहारों और मनोरंजन का आदान-प्रदान करना


## एक उद्देश्य

अपने ब्रांड की रक्षा करने के लिए, हम उनके साथ काम करते हैं जो हमारे नैतिक नवाचार सम्बन्धी जुनून को साझा करते हैं - और हम अनुपयुक्त उपहारों या प्रस्तावों के लिए कभी अपनी **निष्ठा** का सौदा नहीं करते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम समझते हैं कि कभी-कभार दिए जाने उपहार, उचित मूल्य वाले डिनर या एक मामूली सैर-सपाटे से सकारात्मक व्यावसायिक सम्बन्ध फल-फूल सकता है, लेकिन हम कुछ ऐसा करने से बचते हैं जो देखने में भी अनुचित लग सकता हो।

हम सिर्फ तभी किसी मूल्यवान वस्तु की पेशकश करते हैं या स्वीकार करते हैं जब ऐसा करना, कानूनी, नैतिक, उचित और हमारी नीतियों के अनुरूप माना जाएगा।






# उपयुक्त उपहारों और मनोरंजन का आदान-प्रदान करना



इसके अलावा, सार्वजनिक अधिकारियों के साथ बातचीत या लेनदेन करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। आप एक सार्वजनिक अधिकारी को क्या दे सकते हैं उसे परिभाषित करने वाले नियम बड़े सख्त होते हैं। नीचे लिंक्ड नीति में वर्तमान सीमाओं के बारे में बताया गया है। किसी सार्वजनिक अधिकारी को इस नीति के दायरे से आगे जाकर किसी मूल्यवान वस्तु की पेशकश करने से पहले आपको संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम से अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए.।

## एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न मुझे कंपनी के एक सेवा प्रदाता से अभी-अभी $100USD से अधिक मूल्य का एक महंगा उपहार मिला है। मुझे पता है, इसे स्वीकार करना अनुपयुक्त माना जाएगा – मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** अधिकांश मामलों में, आपको हमारी नीति के बारे में विनम्रतापूर्वक बताते हुए एक नोट के साथ उपहार को लौटा देना चाहिए। लेकिन, कुछ मामलों में, एक उपहार को लौटाना अभद्र माना जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में, McDermott की तरफ से वह उपहार स्वीकार करके उसे अपने मैनेजर को सौंप दें, जो क्षेत्रीय या कॉर्पोरेट (S&G) टीम के साथ मिलकर इसे सही ढंग से हैंडल करेंगे.।

## और जानें

LCR-EC-PL-00800.00/उपहार और मनोरंजन सम्बन्धी मानक

# इनसाइडर ट्रेडिंग से बचना



## एक उद्देश्य

हम यह मानते हुए इनसाइडर ट्रेडिंग से बचकर निष्पक्ष बाजार को बढ़ावा देते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को एक ही तरह के नियमों के आधार पर निवेश सम्बन्धी निर्णय लेना चाहिए।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

अपने कार्य के एक हिस्से के रूप में, हम, मैकडर्मट या उन कंपनियों से जुड़ी “महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक जानकारी” के संपर्क में आ सकते हैं जिनके साथ हम लेनदेन करते हैं। महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक जानकारी वह जानकारी है जिसे जनता के सामने रिलीज़ नहीं किया गया है जिसका असर कंपनी के महत्व (आम तौर पर शेयर की कीमत) पर पड़ेगा।

हम शेयर (या अन्य प्रतिभूतियां) खरीदते या बेचते नहीं हैं या महत्वपूर्ण गैर सर्वजनिक जानकारी का लाभ उठाने के लिए किसी अन्य कार्य में शामिल नहीं होते हैं।  इसके अलावा हम दूसरों को, जैसे दोस्तों और परिवार को कभी इनसे जुड़े सुझाव नहीं देते हैं। ये दोनों कार्य, इनसाइडर ट्रेडिंग के उदाहरण हैं और हमारी नीति और क़ानून के तहत ऐसा करना मना है।

**इनसाइडर ट्रेडिंग से बचने के लिए, अंदरूनी जानकारी को पहचानना सीखें। इसके उदाहरणों में निम्नलिखित से जुड़े समाचार शामिल हैं:**

- कार्यकारी नेतृत्व में परिवर्तन
- वित्तीय प्रदर्शन
- महत्वपूर्ण परियोजना कीर्तिमानों की उपलब्धि या अनुपलब्धि
- संभावित रूप से महत्वपूर्ण व्यावसायिक सौदे या लेनदेन

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **मुझे अपने काम के तहत आपूर्तिकर्ताओं से बातचीत या लेनदेन करना पड़ता है जिनमें से कुछ, सार्वजनिक रूप से व्यापार करने वाले आपूर्तिकर्ता हैं। सार्वजनिक रूप से व्यापार करने वाले आपूर्तिकर्ता के साथ एक मुलाक़ात के दौरान, उस आपूर्तिकर्ता के एक वरिष्ठ कर्मचारी ने मुझे बताया कि उनके त्रैमासिक परिणाम, बाजार उम्मीदों को काफी हद तक मात देने वाला है। यह एक बहुत बढ़िया निवेश अवसर जैसा लगता है। क्या मैं आपूर्तिकर्ता का शेयर खरीद सकता हूँ?**

**उत्तर** नहीं। इस जानकारी को “महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक जानकारी” माना जाता है क्योंकि अगर लोगों को पता चल गया तो आपूर्तिकर्ता की कंपनी के शेयर की कीमत पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। एक कर्मचारी के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पता चलने वाली जानकारी का उपयोग न करें जो आपके व्यक्तिगत लाभ से जुड़ी हो।

**और जानें**

LCR-EC-PL-00500.00/Insider Trading Policy

# विश्वास-विरोधी, आयात, निर्यात और व्यापार अनुपालन क़ानून का पालन करना



## एक उद्देश्य

वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने की हमारी क्षमता एक विशेषाधिकार है, अधिकार नहीं। हम उस विशेषाधिकार को कमाने और बरक़रार रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम जहाँ कहीं व्यवसाय करते हैं वहाँ प्रतिस्पर्धा और विश्वास-विरोधी कानूनों का पालन करते हैं, और प्रतिस्पर्धियों के साथ मिलकर काम करने या कुछ ऐसा करने से बचते हैं जो देखने में एक अनुचित समझौते जैसा लग सकता हो।

हम जिन देशों में काम या व्यवसाय करते हैं उन देशों में सभी लागू होने योग्य व्यापार नियंत्रण कानूनों, विनियमों, बहिष्कार कानूनों और व्यापार प्रतिबंधों का पालन करते हुए, कानूनी और नैतिक तरीके से उत्पादों का आयात और निर्यात भी करते हैं।

निष्पक्ष तरीके से प्रतिस्पर्धा करके और जिम्मेदारी के साथ व्यापार करके, हम हमारी सफलता को बनाए रखने में मदद करने वाली नीतिपूर्ण व्यावसायिक कार्यप्रथाओं को बढ़ावा देते हैं। निम्नलिखित सुझावों को ध्यान में रखते हुए अपनी भूमिका निभाएं:

### विश्वास-विरोधी कानूनों का पालन करना:

- उपयुक्त ढंग से जानकारी इकट्ठा करें – सिर्फ न्यायसंगत सार्वजनिक स्रोतों का उपयोग करें और उस जानकारी का उपयोग न करें जिस पर आपको संदेह है कि उसे अनुचित तरीके से प्राप्त किया गया है।
- **निष्ठा** के साथ संचार करें – कभी हमारे प्रतिस्पर्धियों के बारे में झूठे बयान न दें।
- कुछ ख़ास चर्चाओं से बचें – कभी किसी प्रतिस्पर्धी, ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के साथ किसी औपचारिक या अनौपचारिक सहमति या समझौता न करें:
  - हमारी सेवाओं की कीमत को बढ़ाने, निर्धारित करने या रोककर रखने ("फिक्स करने") के मामले में
  - इलाकों, बाजारों या ग्राहकों को बांटने के मामले में
  - किसी दूसरी कंपनी को बाजार में प्रवेश करने से रोकने के मामले में
  - एक ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के साथ सौदा करने से इनकार करने के मामले में
  - प्रतिस्पर्धी की बोली लगाने की प्रक्रिया में बाधा डालने के मामले में

# विश्वास-विरोधी, आयात, निर्यात और व्यापार अनुपालन क़ानून का पालन करना

## आयात, निर्यात और व्यापार अनुपालन कानूनों का पालन करना:

- सही मार्ग निर्धारित करें – यदि पार-सीमा लेनदेनों पर एक से अधिक देशों के क़ानून लागू होते हों तो आगे बढ़ने से पहले मार्गदर्शन प्राप्त करें।
- मन लगाकर काम करें – आगे से, प्रत्येक आयात और निर्यात के लिए उत्पत्ति देश, और सामानों के मूल्य, का सही-सही वर्णन, वर्गीकरण और दस्तावेजीकरण करें।
- हमारी आपूर्ति श्रृंखला पर नजर रखें – हमारी तरफ से व्यवसाय करने वाले सभी लोगों को हमारी नीतियों के बारे में बताएं और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर आवाज उठाएं।
- बहिष्कार से बचें – हम ऐसे किसी बहिष्कार में भाग नहीं लेते हैं या बढ़ावा नहीं देते हैं जिसका समर्थन संयुक्त राज्य अमेरिका नहीं करता है।
- ज़रूरत पड़ने पर बहिष्कारों के बारे में कोई भी पूछताछ करने, बहिष्कार में भाग लेने का अनुरोध किए जाने पर या हमारे किसी व्यावसायिक साझेदार द्वारा इनमें भाग लिए जाने की संभावना का आपको पता चलने पर संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम से संपर्क करें. हम अपने व्यावसायिक साझेदारों से उम्मीद करते हैं कि वे अमेरिका के और उन देशों के कानूनों का पालन करेंगे, जिनमें हम व्यवसाय का संचालन करते हैं।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **मैं एक अनुबंध की समीक्षा कर रहा हूँ, और इसमें एक जगह कुछ ऐसा कहा गया है जिसका मतलब है कि हमें इजराइली उत्पत्ति वाले सामानों से बचना चाहिए। मुझे पता है कि अमेरिकी क़ानून हमें इजराइल का बहिष्कार करने पर सहमत होने से रोकता है, लेकिन इसमें सिर्फ "बचने" की बात कही गई है। क्या इस समझौते पर हस्ताक्षर करना ठीक है?**

**उत्तर** नहीं। अमेरिकी निर्यात और टैक्स विनियम, मैकडर्मट को ऐसे किसी बहिष्कार में भाग लेने से मना करता है जो संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा स्वीकृत नहीं है। अनुबंध की शर्तों की समीक्षा करने के लिए अपनी क्षेत्रीय S&G टीम से संपर्क करें और ज़रूरत पड़ने पर इसमें बदलाव का अनुरोध करें | एक बहिष्कार अनुरोध कई रूप धारण कर सकता है और इसे लिखित रूप में नहीं होना चाहिए|

### और जानें

LCR-GEN-PL-00800.00/विश्वास-विरोधी अनुपालन नीति

SCM-GTC-PL-00100.00 -संस्करण 3.00/वैश्विक व्यापार अनुपालन नीति संबंधी कथन

SG-EC-PL-00100.00/लागू होने योग्य प्रतिबंध कानून का अनुपालन

LCR-EC-PR-00100.00/बहिष्कार-विरोधी अनुपालन प्रक्रिया



# एक टीम

कई विचारों, अनुभवों और पृष्ठभूमियों का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद, हम अभी भी एक टीम हैं| प्रत्येक टीम सदस्य के योगदानों को महत्व दें और यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका निभाएं कि हममें से प्रत्येक को सफल होने का समान अवसर मिले|

# एक साथ मिलकर काम करना

**इस खंड में:**

- सम्मान, विविधता, न्यायनीति और समावेश को बढ़ावा देना
- एक उत्पीड़न-मुक्त कार्य स्थल को बनाए रखना
- सकारात्मक आपूर्तिकर्ता संबंधों को बढ़ावा देना
- निष्पक्ष तरीके से प्रतिस्पर्धा और अनुबंध करना
- लेखा परीक्षण और छानबीन में सहयोग करना

# सम्मान, विविधता, न्यायनीति और समावेश को बढ़ावा देना



## एक उद्देश्य

McDermott अपने कर्मचारियों के बीच भिन्नता को स्वीकार करता है और उनकी प्रामाणिक योग्यताओं का लाभ उठाता है, ताकि उन्हें उनके करियर में आगे बढ़ने और सफलता हासिल करने में सहायता मिल सके|

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

McDermott में, हम ऐसे विविधतापूर्ण और समावेशी परिवेश में अलग-अलग दृष्टिकोणों को मान्यता, महत्व और सम्मान देते हैं जहां मनोवैज्ञानिक सुरक्षा और भरोसे को बढ़ावा दिया जाता है.

हमारे विविधता, समानता और समावेशन प्रोग्राम और पहलें भर्ती और चयन, प्रतिपूर्ति और अनुलाभ, पेशेवर विकास और प्रशिक्षण तथा करियर की प्रगति के बारे में हमारी आंतरिक नीतियों और प्रक्रियाओं को और साथ ही बाहरी प्रक्रियाओं जैसे सप्लायर संबंधी विविधता और मार्केटिंग को आकार देने का कार्य करते हैं, ताकि हमारे हितधारकों के साथ सही और पारदर्शी व्यवहार सुनिश्चित किया जा सके. हम सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हैं, जिससे उन्हें शिक्षा मिलती है और ऐसे व्यवहारों, दृष्टिकोणों और क्रियाओं को बढ़ावा मिलता है, जिससे कार्यस्थल पर समावेशन और जुड़ाव की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और वह कायम रहती है.

**हम निष्पक्ष रोजगार कार्यप्रथाओं पर प्रतिबद्ध हैं और हम निम्नलिखित कारकों के आधार पर अपने रोजगार निर्णयों में अवैध भेदभाव नहीं करेंगे:**

- उम्र
- नागरिकता
- रंग
- विकलांगता
- लिंग
- वैवाहिक स्थिति
- चिकित्सीय दशा
- राष्ट्रीय मूल
- गर्भावस्था
- जाति
- धर्म
- सेक्सुअल ओरिएंटेशन
- दीर्घानुभवी स्थिति

यदि आपको विश्वास है कि किसी के साथ अनुचित तरीके से बर्ताव किया गया है तो कृपया आवाज उठाएं| हम **एक टीम** हैं जिसका मतलब है कि हम हमेशा एक दूसरे का ख्याल रखते हैं, ख़ास तौर पर जब किसी को मदद की जरूरत होती है|

# सम्मान, विविधता, न्यायनीति और समावेश को बढ़ावा देना



## एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न मेरी जांच के दौरान मेरी आँख की बीमारी का पता चला जिसकी वजह से मेरी नजर कमजोर हो रही है| मैं अब अपने प्रबंधक की लिखित प्रतिक्रिया को पढ़ नहीं सकता हूँ| मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** उपयुक्त आवास के बारे में अपने मैनेजर और मानव संसाधन विभाग से बात करें| यदि आपका प्रबंधक या मानव संसाधन आपकी व्यवस्था नहीं कर सकता है तो आप किसी अन्य प्रबंधक से भी बात कर सकते हैं या हमारे किसी और संसाधन का चुनाव कर सकते हैं|

## और जानें

HR-DEI-PL-00400.00_McDermott समान रोज़गार अवसर नीति

HR-DEI-PL-00100.00_विविधता, समानता और समावेशन नीति

LCR-EC-PL-01500.00 विकलांग अमेरिकी अधिनियम - विकलांग अमेरिकी संशोधन अधिनियम, जिसे सामूहिक रूप से ADAAA के नाम से जाना जाता है

# एक उत्पीड़न-मुक्त कार्य स्थल को बनाए रखना

## एक उद्देश्य

हम एक सुरक्षित और सकारात्मक कार्यस्थल प्रदान करने की पूरी कोशिश करते हैं ताकि हमारी टीम के प्रत्येक सदस्य को अपने सर्वोत्तम स्तर तक सम्मानित और प्रेरित होने का एहसास हो सके|

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हमारा लक्ष्य दूसरों के साथ उसी तरह बर्ताव करना है जिस तरह का बर्ताव हम पाना चाहते हैं – हमेशा विनम्र, विचारशील और रचनात्मक बने रहने की कोशिश करें| हम धमकी भरे, दबंगतापूर्ण या अपमानजनक व्यवहार से बचते हैं और इसे हतोत्साहित करते हैं; और हमें किसी भी तरह का भेदभाव या उत्पीड़न, जैसे किसी कर्मचारी के काम करने की क्षमता में बाधा डालने वाला अपमानजनक व्यवहार दिखाई देने पर या उसका संदेह होने पर हम आवाज़ उठाते हैं - चाहे वह **शारीरिक, मौखिक या दिखाई देने वाला अपमानजनक आचरण क्यों न हो**|

ध्यान रखें कि जब उत्पीड़न की बात आती है तो हमारे कार्यों का – न कि हमारे इरादों – का प्रभाव मायने रखता है| दूसरे शब्दों में, यदि आपने किसी का अपमान किया है तो यह कहने से कि “मेरे कहने का मतलब यह नहीं था” – चाहे वह विनम्र या सच ही क्यों न हो – हमेशा इसे ठीक नहीं कर पाएगा|






# एक उत्पीड़न-मुक्त कार्य स्थल को बनाए रखना



## एक उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थल को बनाए रखना:

- समझें कि उत्पीड़न क्या है और दूसरों पर इसका कैसा असर पड़ता है, ताकि आप तुरंत उसकी पहचान कर सकें|
- किसी भी प्रकार के भेदभाव या उत्पीड़न के प्रति सचेत रहें| कुछ गलत होता हुआ दिखाई देने पर बोल उठें या आवाज उठाएं|
- प्रत्येक के साथ सम्मान और गरिमा के साथ बर्ताव करें और टीम के सभी सदस्यों के योगदानों की तारीफ़ करें| याद रखें, यहाँ तक कि निकट सहकर्मी भी पूर्व अनुभवों के आधार पर ख़ास तौर पर कुछ विषयों के प्रति संवेदनशील हो सकते/सकती हैं जिसे आप नहीं भी समझ सकते/सकती हैं|
- किसी भी व्यक्ति के साथ किसी व्यक्तिगत विशेषता के आधार पर अलग तरीके का बर्ताव कभी न करें| देखें सम्मान, विविधता, न्यायनीति और समावेशको बढ़ावा देना|
- कभी किसी डरावने, अश्लील या भेदभावपूर्ण वस्तु को एक्सेस, स्टोर या संचारित न करें|

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न मेरा एक सहकर्मी अनुपयुक्त चुटकुले सुनाता रहता है| बाकी सभी लोग हँसते हैं लेकिन उनसे मुझे असहज महसूस होता है| मैंने इस बारे में उसका विरोध किया था लेकिन उसने अपनी आँखे घुमाकर कहा, "ठंड रखो|" वह यह सब बंद करने वाला नहीं है| मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** सबसे पहले तो आपने अपने सहकर्मी के सामने इसका विरोध करके अच्छा किया| हम समझते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को यह सब सहज महसूस नहीं होगा| वैसी परिस्थितियों में, या उन मामलों में जहाँ ख़राब व्यवहार होता रहता है, अपने प्रबंधक, या अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि या हमारे किसी अन्य संसाधन से बात करें|

### और जानें

LCR-EC-PL-00700.00/खुलेआम संचार, गैर-प्रतिशोध और गैर-प्रतिकार नीति

HRF-OMER-PL-00500.00/उत्पीड़न नीति सहित गैरकानूनी भेदभाव पर रोक

# सकारात्मक आपूर्तिकर्ता संबंधों को बढ़ावा देना

## एक उद्देश्य

हम उनके साथ काम करके हमारी विश्वसनीयता सम्बन्धी प्रतिष्ठा को बनाए रखते हैं जो हमारे उच्च मानकों का पालन करते हैं|

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम जिन आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यवसाय करते हैं उन्हें अक्सर हमारी कंपनी के एक प्रतिबिंब के रूप में देखा जाता है| कभी-कभी, हमें उनके कार्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है|

इसीलिए हम सावधानी बरतते हैं और खरीद प्रक्रिया में यथोचित परिश्रम करते हैं| हम सोर्सिंग सम्बन्धी निर्णय निष्पक्ष तरीके से, नीतिपूर्ण ढंग से और उद्देश्यपूर्ण मानदंडों के आधार पर करते हैं|

अनुबंधन चरण के दौरान, हम सभी शर्तों को लिखित रूप में रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हर बात जहाँ तक हो सके साफ़ और सटीक हो|

आपूर्तिकर्ता के साथ काम करते समय, हम उनके कार्यों पर नजर रखते हैं ताकि हम किसी चेतावनी चिन्हों की पहचान कर सकें और संभावित दुराचरण की जल्दी और अच्छी तरह से छानबीन कर सकें|

अपनी साझेदारी के दौरान, हम सभी आपूर्तिकर्ताओं के साथ निष्पक्ष तरीके से बर्ताव करते हैं|

### सकारात्मक आपूर्तिकर्ता संबंधों को बढ़ावा देना:

- चयन प्रक्रिया में हित संघर्ष से बचें|
- सुनिश्चित करें कि सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए, जहाँ व्यवहार्य हो, छोटे, दीर्घानुभवी, नाबालिग या महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसायों का उपयोग करने का सकारात्मक प्रयास किया जाता है|
- अपने काम के एक हिस्से के रूप में सामान या सेवाएं प्राप्त करते समय हमारी खरीद नीतियों और प्रक्रियाओं को जानें और समझें|
- किसी प्रतिस्पर्धी बोली लगाने की प्रक्रिया में हमारी नीतियों और क़ानून का पालन करें और सभी आपूर्तिकर्ताओं के साथ निष्पक्ष तरीके से बर्ताव करें|
- हमें प्रदान किए गए मालिकाना डेटा की रक्षा करें जिसे किसी आपूर्तिकर्ता या संभावित आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रदान किया गया हो|
- भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और मनी लौंडरिंग|

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **मैंने एक आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए चालान की समीक्षा करते समय मेरी नजर उसमें एक लम्बी लाइन वाले आइटम पर पड़ी| हम आम तौर पर उससे आधा भुगतान करते हैं जो दिया गया होता है| मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** सहायक दस्तावेज ढूंढें और अतिरिक्त जानकारी इकठ्ठा करने के लिए आपूर्तिकर्ता प्रबंधन के लिए जिम्मेदार व्यक्ति से बात करें| यदि वह भुगतान फिर भी अनुचित लग रहा है तो किसी प्रबंधक या हमारे किसी अन्य संसाधन को अपने निष्कर्षों के बारे में बताएं|

### और जानें

आपूर्तिकर्ता और उपठेकेदार

# निष्पक्ष तरीके से प्रतिस्पर्धा और अनुबंध करना



## एक उद्देश्य

हमारा लक्ष्य एक निःशुल्क बाजार और पारदर्शी व्यावसायिक संबंधों का समर्थन करके अपने ग्राहकों के लिए सबसे संभावित परिणाम सुनिश्चित करना है| इनसे नवाचार लाने में मदद मिलती है|

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम जोरदार ढंग से, निष्पक्ष तरीके से और कानूनी तरीके से प्रतिस्पर्धा करने के अपने कर्तव्य को मान्यता देते हैं| हम जहाँ भी व्यवसाय करते हैं वहाँ प्रतिस्पर्धा सम्बन्धी कानूनों का पालन करते हैं|

किसी सरकार के साथ अनुबंध करने पर, हम सरकार के साथ ईमानदार सम्बन्ध बनाने और सर्वोच्च नैतिक मानकों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं|

दोनों नियमों का सम्मान करके, हम अपनी **निष्ठा** और क्षमता के बल पर, न कि अनुचित व्यावसायिक कार्यप्रथाओं के बल पर, अपनी सफलता प्राप्त करते हैं|

### निष्पक्ष तरीके से प्रतिस्पर्धा करना:

- समझें कि आपके ऊपर और आपकी भूमिका पर प्रतिस्पर्धा क़ानून कैसे लागू होते हैं|
- व्यावसायिक साझेदारों, ग्राहकों और प्रतिस्पर्धियों के साथ कोई संवाद करते समय अच्छे निर्णय का उपयोग करें|
- प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी इकठ्ठा करते समय सिर्फ उपयुक्त (जैसे, सार्वजनिक) स्रोतों का उपयोग करें और कभी किसी पूर्व नियोक्ता की अनुमति के बिना उनसे प्राप्त मालिकाना या गोपनीय जानकारी का उपयोग न करें|
- उस जानकारी को स्वीकार न करें जिसके बारे में आपको संदेह है कि उसे अनुचित तरीके से प्राप्त किया गया था और अपने प्रबंधक को इस घटना के बारे में बताएं|
- प्रतिस्पर्धियों के साथ कभी निम्नलिखित पर चर्चा न करें या सहमत न हों:
  - बिक्री की शर्तें या कीमतें निर्धारित करने के मामले में|
  - बाजारों, ग्राहकों या इलाकों को बांटने के मामले में|
  - प्रतिस्पर्धियों को बाजार में प्रवेश करने से रोकने के मामले में|
  - एक ग्राहक या व्यावसायिक साझेदार के साथ सौदा करने से इनकार करने के मामले में|
- क्या उपयुक्त है, इस सम्बन्ध में मन में कभी कोई सवाल उठने पर, मार्गदर्शन प्राप्त करें|

# निष्पक्ष तरीके से प्रतिस्पर्धा और अनुबंध करना




## सरकार के साथ काम करना:

- सुनिश्चित करें कि अनुबंध की सारी शर्तें लिखित रूप में हों और वे समझौते का साफ़-साफ़ और सटीक ढंग से वर्णन करती हों|
- आपके काम पर और उस देश में जहाँ आप काम करते हैं, लागू होने वाले नियमों के बारे में जानें और उनका पालन करें ।
- किसी सार्वजनिक अधिकारी को कोई मूल्यवान चीज़ देने के पहले संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम से परामर्श करें।
- किसी भी सरकारी छानबीन या जानकारी के लिए किए गए अनुरोध के बारे में S&G टीम को तुरंत सूचित करें और पूरी, समयोचित और सटीक जानकारी दें|

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न जब मैं एक उद्योग सम्मेलन था, तब हमारे प्रतिस्पर्धियों में से कुछ प्रतिस्पर्धियों ने मेरे पास आकर बाद में डिनर के लिए उनके साथ मिलने का प्रस्ताव रखा| उन्होंने कहा कि हम सबको "इलाका सम्बन्धी रणनीति" पर चर्चा करनी चाहिए ताकि हम वर्तमान बिक्री मंदी से बाहर निकल सकें| मुझे कैसे जवाब देना चाहिए?**

**उत्तर** आपको उस आमंत्रण को अस्वीकार कर देना चाहिए| हम प्रतिस्पर्धियों के साथ इलाके के बंटवारे के बारे में कभी चर्चा नहीं करते हैं क्योंकि इससे हमारी नीतियों और संभवतः क़ानून का उल्लंघन होगा| प्रतिस्पर्धियों को इस चर्चा से जुड़ी अपनी आपत्ति के बारे में बताएं, उसके बाद जल्द से जल्द उनके अनुरोध के बारे में सूचित करें|

### और जानें

LCR-GEN-PL-00800.00/विश्वास विरोधी अनुपालन नीति

# लेखापरीक्षण और छानबीन में सहयोग करना



## एक उद्देश्य

हम यह जानते हुए आतंरिक छानबीन, आतंरिक लेखापरीक्षण और सरकार द्वारा किए गए ऐसे अनुरोध का पालन करते हैं कि ऐसा करने से हमारी और हमारे ग्राहकों दोनों की रक्षा होती है|

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम सरकारी निकायों और नियामक एजेंसियों के साथ हमेशा सहयोग करने और ईमानदार जानकारी प्रदान करने से संबंधित अपने कर्तव्य का सम्मान करते हैं|

एक लेखापरीक्षण या छानबीन के एक हिस्से के रूप में जब कभी कोई सवाल पूछा जाता है, हम उपयुक्त ढंग से जवाब देते हैं और खुलकर और पारदर्शी तरीके से बातचीत करते हैं|

### लेखापरीक्षण और छानबीन में सहयोग करना:

- सरकारी अधिकारी की ओर से की गई किसी भी पूछताछ के बारे में संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम से तुरंत संपर्क करें.|
- हमारी तरफ से किसी सरकारी अधिकारी के साथ बातचीत करने वाले तीसरे पक्षों के लिए यथोचित परिश्रम करें|
- हमेशा सच्ची, सटीक और पूरी जानकारी प्रदान करें|
- लेखापरीक्षण या छानबीन में कभी कोई बाधा या रुकावट न डालें या उसे अनुचित तरीके से प्रभावित न करें|
- कभी झूठ न बोलेन या, मौखिक या लिखित रूप से, कभी कोई झूठा या गुमराहजनक बयान न दें|
- कभी किसी और को झूठी या गुमराहजनक जानकारी देने के लिए मनाने की कोशिश न करें|

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न यदि एक सरकारी अधिकारी हमारे कार्यालय में एक अप्रत्याशित लेखापरीक्षण करने के लिए आ जाय, तो मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** आपको विनम्रतापूर्वक और पेशेवर तरीके से उनका अभिवादन करना चाहिए, उसके बाद संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम के किसी सदस्य से संपर्क करना चाहिए, ताकि वे मदद कर सकें| वे सरकारी अधिकारियों की जरूरत के अनुसार जवाब देने में अच्छी तरह सक्षम होते हैं|

### और जानें

LCR-EC-PL-00300.00/आचारनीति और अनुपालन कार्यक्रम

LCR-GEN-PR-00400.00/अनुपालन छानबीन प्रोटोकॉल

# परे जाएं

**मैकडर्मट की कहानी एक असाधारण कहानी है – एक ऐसी कहानी जिसमें साहस, रचनात्मक और सहयोग की झलक मिलती है| हमारे उद्योग में जो मानक है उसके परे जाने के लिए तैयार, महत्वाकांक्षी और खुले विचार का बने रहकर अगला अध्याय लिखने में हमारी मदद करें|**



# लोगों और पर्यावरण की रक्षा करना

**इस खंड में:**

- हमारे रिकॉर्ड्स को प्रबंधित करना
- हमारी भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक और वित्तीय परिसंपत्तियों की रक्षा करना
- हमारी परियोजनाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को बढ़ावा देना
- हमारी कंपनी की तरफ से बोलना
- सोशल मीडिया का उपयोग करना
- एक स्वास्थ्यप्रद, सुरक्षित और निरापद कार्यस्थल को बनाए रखना
- पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा देना
- सोशल जिम्मेदारी और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना
- राजनीतिक रूप से जुड़ना

# हमारे रिकॉर्ड्स को प्रबंधित करना

## एक उद्देश्य

हमारी सफलता, काफी हद तक, इस बात पर निर्भर करती है कि हम अपने ग्राहकों को सहारा देने के लिए हमारे द्वारा तैयार किए जाने वाले रिकॉर्ड्स को कितनी अच्छी तरह प्रबंधित करते हैं| रिकॉर्ड्स हमारी सबसे महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों में से एक है, इसलिए हम यह सुनिश्चित करते हैं कि वे स्पष्ट और सम्पूर्ण हों| ऐसा करने से हमें अपने प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने के लिए अधिक तेजी से और बेहतर जानकारी के साथ निर्णय लेने और कानूनी आवश्यकताओं और विनियमों का पालन करने में मदद मिलती है|

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

कंपनी के बही-खाते और व्यावसायिक रिकॉर्ड्स को तैयार करने और बनाए रखने में सभी आतंरिक नियंत्रणों का पालन करके, हम अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हैं और अपने समग्र वित्तीय स्वास्थ्य की एक उपयोगी तस्वीर प्रदान करते हैं जिससे हमें भावी प्रबंधन सम्बन्धी निर्णय लेने और योजना बनाने में मदद मिलती है|

प्रत्येक लेनदेन में, चाहे आप एक खर्च रिपोर्ट फ़ाइल कर रहे हों, एक वित्तीय विवरण तैयार कर रहे हों, एक निरीक्षण को अनुमोदित कर रहे हों या बस अपने समय को रिकॉर्ड कर रहे हों, ऐसा ईमानदारी के साथ, सटीक ढंग से और पूरी तरह करें|

सुनिश्चित करें कि आप हमारी रिकॉर्ड्स प्रबंधन और रिकॉर्ड्स प्रतिधारण नीतियों के बारे में जानते हैं और उनका पालन करते हैं| सभी अधिकारी रिकॉर्ड्स को हमारी रिकॉर्ड्स प्रतिधारण अनुसूची के अनुसार बनाए रखा जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि रिकॉर्ड्स को कानूनी विनियमों का पालन करते हुए भंडारित और नष्ट किया जाता है| जो रिकॉर्ड्स अपने जीवनचक्र के अंत तक पहुँच चुके हैं उनका निपटान सिर्फ हमारी नीतियों के अनुसार ही किया जाना चाहिए| जो रिकॉर्ड्स एक कानूनी पकड़ के अधीन हैं उन्हें तब तक नष्ट नहीं किया जाना चाहिए जब तक होल्ड नोटिस जारी नहीं कर दिया जाता है|

UNIFI मैनेजमेंट सिस्टम



### व्यावसायिक रिकॉर्ड्स के उदाहरणों में शामिल हैं:

- ईमेल और अन्य पत्राचार
- बैठक की मुख्य बातें
- नियामक फाइलिंग्स
- टाइमशीट्स और चालान
- आपूर्तिकर्ता चालान
- लेखांकन रिपोर्ट्स
- अनुबंध, पट्टे, समझौते, बोलियाँ और प्रस्ताव
- खर्च रिपोर्ट्स
- कार्मिक फाइलें
- टैक्स फाइलिंग्स
- कंपनी की नीतियाँ प्रक्रियाएं और दिशानिर्देश
- कॉर्पोरेट संगठन चार्ट्स
- पर्यावरणीय अनुपालन सम्बन्धी दस्तावेज
- क्रय आदेश
- पेटेंट्स
- कंपनी व्यवसाय का दस्तावेजीकरण करने वाले ईमेल्स

# हमारे रिकॉर्ड्स को प्रबंधित करना




## सटीक रिकॉर्ड्स रखना:

- किसी अप्रकटित, गुप्त या अनरिकॉर्डेड फंड्स, देनदारियां या परिसंपत्तियां तैयार न करें, और कभी भी हमारे व्यवसाय से संबंधित जानकारी की गलत रिपोर्टिंग या गलत वर्णन न करें|
- हमारी रिकॉर्ड्स प्रबंधन नीतियों के अनुसार जानकारियों की रक्षा, भंडारित, प्रबंधित और निपटान करें|

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **हमारे नेटवर्क ड्राइव का स्टोरेज स्पेस ख़त्म हो गया है| क्या मैं नई सामग्रियों के लिए जगह बनाने के लिए पुरानी सामग्रियों को डिलीट कर सकता हूँ?**

**उत्तर** शायद नहीं| आपकी कार्य भूमिका के आधार पर या रिकॉर्ड्स तैयार करने वाले व्यक्ति के कार्य के आधार पर, किसी भी रिकॉर्ड को डिलीट करने से पहले उसकी समीक्षा करना जरूरी हो सकता है| इसीलिए, समयावधि और निपटान तिथि के आधार पर एक जैसे रिकॉर्ड्स की पहचान और समूहबद्ध करना एक अच्छी बात है| यदि आप अनिश्चित हैं या रिकॉर्ड्स प्रबंधन आपकी जिम्मेदारी के परे है तो अपने प्रबंधक या अपने रिकॉर्ड्स प्रबंधक, संपर्क व्यक्ति या समन्वयक का मार्गदर्शन प्राप्त करें|

### और जानें

IT-GEN-PL-00100.00/रिकॉर्ड्स और जानकारी प्रबंधन नीति

# हमारी भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक और वित्तीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा करना



**भौतिक परिसंपत्तियां भौतिक मूल्यवान वस्तुएं होती हैं जिनमें शामिल हैं:**

- संपत्तियां
- भवन
- कार्यालय का साजो-सामान
- उपकरण
- परियोजना सामग्रियां
- मालसूची
- कार्यालय की आपूर्तियाँ
- फोन
- कंप्यूटर

**इलेक्ट्रॉनिक परिसंपत्तियां वे वस्तुएं हैं जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप में एक्सेस या भंडारित किया जाता है, जैसे:**

- हमारा नेटवर्क
- ईमेल और इंटरनेट एक्सेस
- फाइलें और डेटा
- डेटाबेस
- मोबाइल और डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर

**वित्तीय परिसंपत्तियां, गैर-भौतिक मूल्यवान वस्तुएं हैं जिनमें शामिल हैं:**

- बैंक डिपोजिट
- बॉन्ड्स
- शेयर्स
- नकद और नकद के समान
- इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स

## एक उद्देश्य

हम अपने कार्य में सहायता और प्रेरणा के लिए आवश्यक औजारों और संसाधनों को सुरक्षित रखने की पूरी कोशिश करते हैं|

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हमारे द्वारा हमारे भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक और वित्तीय परिसंपत्तियों का उपयोग सिर्फ लक्षित उद्देश्यों के लिए करना जरूरी है|

हम इस ढंग से काम करना चाहिए जिससे हमारी परिसंपत्तियां विनाश, नुकसान और अनुचित उपयोग से बच सकें और हमें हमेशा अपनी नीतियों के अनुसार काम करना चाहिए|

# हमारी भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक और वित्तीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा करना

## कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा करना:

- यदि किसी भौतिक संपत्ति या उपकरण ख़राब हो गया है, असुरक्षित है या मरम्मत की जरूरत है तो उसकी रिपोर्ट करें।
- अनुमति के बिना कोई चीज न लें, उधार दें, बेचें, दान करें या दें।
- कंप्यूटरों और मोबाइल उपकरणों को भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक दृष्टि से सुरक्षित रखें।
- अपने वर्कस्टेशन से जाते समय उसे लॉक कर दें।
- मजबूत पासवर्ड्स का उपयोग करें और उन्हें सुरक्षित रखें।
- कंपनी के सुरक्षा सॉफ्टवेयर और अपडेट्स को स्वीकार करें और दिशानिर्देशानुसार इंस्टाल करें।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **हमारा IT विभाग, एंटी-वायरस प्रोटेक्शन प्रदान करता है। क्या वह मेरी रक्षा करेगा यदि मैं एक अज्ञात प्रेषक से मिले ईमेल में मौजूद लिंक पर क्लिक करूंगा?**

**उत्तर** नहीं। हमारा नेटवर्क और सिस्टम डिफेन्स चाहे जितना भी मजबूत क्यों न हो, आपको अटैचमेंट्स और लिंक्स के मामले में सावधान रहना चाहिए। यहाँ तक एंटी-वायरस प्रोटेक्शन भी कुछ ऑनलाइन हमलों और नए दुर्भावनापूर्ण कोड से हमारी रक्षा नहीं कर सकते हैं।

### और जानें

IT-SEC-PR-01400.00/डेटा हानि रोकथाम और निगरानी नीति



# हमारी परियोजनाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को बढ़ावा देना



## एक उद्देश्य

हम प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में उत्कृष्टता के लिए खुद को समर्पित करते हैं ताकि अवधारणा से लेकर क्रियान्वयन तक, प्रत्येक परियोजना सुरक्षित रहे और हमारे उच्च मानकों का पालन करे।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

चूंकि हर समय, सुरक्षित परियोजनाएं प्रदान करना हममें से प्रत्येक की जिम्मेदारी है, इसलिए हम एक लक्ष्य या समयसीमा को पूरा करने के लिए गुणवत्ता की बलि कभी नहीं चढ़ाते हैं।

प्रबंधकों के लिए, इसका मतलब **निष्ठा** के साथ नेतृत्व करना और उच्च-गुणवत्ता वाली परियोजनाओं के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करना है। कर्मचारियों के लिए, इसका मतलब बोलना या आवाज उठाना है यदि हमारे मन में कोई सवाल उठता हो।

हम अपने मैनेजमेंट सिस्टम की प्रोसेस और कार्यविधियों का पालन करने और ऐसे सभी संभावित बदलावों की पहचान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनसे हमारे कार्य करने का तरीका बेहतर हो सकता है।

### गुणवत्ता और सुरक्षा को बढ़ावा देना:

- निरंतर सुधार के लिए नियमित रूप से हमारी प्रक्रियाओं की समीक्षा करके हमारी परियोजनाओं को बेहतर बनाने में मदद करें।
- एक निश्चित कार्य को करने के लिए अपनी योग्यताओं के बारे में ईमानदार बनें।
- जरूरत पड़ने पर मदद मांगें।
- किसी सुरक्षा, गुणवत्ता या कार्य-प्रदर्शन सम्बन्धी समस्याओं के बारे में पता चलने पर बोलें या आवाज उठाएं।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **मुझे लगता है कि मेरी फैसिलिटी में किसी एक वेल्डिंग प्रक्रिया के साथ कोई समस्या हो सकती है लेकिन हमलोग समय से पीछे चल रहे हैं। यदि मैं कुछ कहता हूँ तो हमें और देरी हो जाएगी। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** अपने प्रबंधक को तुरंत इस मामले के बारे में बताएं ताकि समस्या की छानबीन की जा सके। हम कभी किसी समयसीमा या लक्ष्य को पूरा करने के लिए गुणवत्ता की बलि नहीं चढ़ाते हैं।

### और जानें

QHSES की मदद से नेतृत्व संभालना

UNIFI मैनेजमेंट सिस्टम

# हमारी कंपनी की तरफ से बोलना



## एक उद्देश्य

हम यह सुनिश्चित करके अपने ब्रांड और अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण करते हैं कि मैकडर्मट के बारे में दी गई जानकारी, भरोसेमंद, सुसंगत और सटीक हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम अपनी कंपनी की प्रतिष्ठा की रक्षा करने की हमारी जिम्मेदारी को मान्यता देते हैं, इसलिए हम जिम्मेदारी के साथ बातचीत करते हैं।

ऐसा करने के लिए, हममें से प्रत्येक व्यक्ति, मैकडर्मट की तरफ से बोलने से बचते हैं जब तक हमें कॉर्पोरेट संचार विभाग द्वारा ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जाती; और हम सभी अनुरोधों को उचित संसाधन तक अग्रेषित करते हैं।

### मैकडर्मट के लिए बोलना:

- ऐसी परिस्थितियों में सावधान रहें जहाँ कोई यह मान सकता है कि आप मैकडर्मट की तरफ से बोल रहे हैं।
- सभी मीडिया अनुरोधों को कॉर्पोरेट संचार विभाग के पास भेजें।
- वित्तीय विश्लेषकों और निवेशकों के सभी अनुरोधों को कॉर्पोरेट निवेशक सम्बन्ध विभाग के पास भेजें।
- कभी भी गोपनीय या मालिकाना जानकारी के बारे में सार्वजनिक रूप से चर्चा न करें।
- उचित अधिकार के बिना कभी भी कंपनी की संपत्ति या परियोजनाओं के फोटो या वीडियो न लें।

**एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प**

**प्रश्न** **मुझे कंपनी की तरफ से एक भाषण समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** आमंत्रण को स्वीकार करने से पहले अपने प्रबंधक से बात करें। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सही संदेश संचारित होता है।

**और जानें**

CMN-GEN-PR-00100.00/Corporate Disclosure

# सोशल मीडिया का उपयोग करना

## एक उद्देश्य

हम कार्यस्थल पर और उससे दूर होने पर, दोनों ही स्थितियों में ज़िम्मेदारी से कार्य करने की कोशिश करते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

आपके परिवार के लोग, दोस्त, सहकर्मी और समुदाय संभवतः आपको एक मैकडर्मट कर्मचारी के रूप में जानते हैं। कार्यस्थल से दूर आपका आचरण, असम्मानजनक होने पर, हम सबको नुकसान पहुंचा सकता है। इसी तरह, सही ढंग से उपयोग किए जाने पर, सोशल मीडिया, संचार का एक बहुत बढ़िया साधन बन सकता है - लेकिन हमें यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे व्यक्तिगत आचरण की तरह, हमारी ऑनलाइन मैसेजिंग भी हमारे आदर्शों, नीतियों और क़ानून के अनुरूप हो। ख़राब सोशल मीडिया अनुशासन और अपने कार्यों या शब्दों की जवाबदेही के अभाव के कारण आपके ऊपर, आपके परिवार, दोस्तों, सहकर्मियों और मैकडर्मट पर बुरा असर पड़ सकता है और ख़राब प्रतिबिंब मिल सकता है।

आपको पता होना चाहिए कि हम जो भी करते, कहते या प्रकाशित करते हैं उसकी जिम्मेदारी हमारे ऊपर है; और हम इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जो भी प्रकाशित करते हैं वे आपके अकाउंट से डिलीट होने के बाद भी सबूत बने रह सकते हैं। हमें हमेशा सही निर्णय और सामान्य बुद्धि का उपयोग करना चाहिए, और ईमानदारी और नीतिपूर्ण तरीके से संवाद और संचार करना चाहिए।


### कार्यस्थल के बाहर आचरण करना:

- लोगों की श्रेणी, राजनीतिक दृष्टिकोण या लोगों का ध्रुवीकरण करने वाले विषयों के बारे में विवादास्पद राय सार्वजनिक रूप से बताने के पहले अच्छी तरह सोच-विचार करें।
- यह जानते हुए सब समय कानूनी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें कि आप, काम पर और काम से दूर, मैकडर्मट और अपने सहकर्मियों के दूत हैं।

### सोशल मीडिया का उपयोग करना:

- किसी को डराने, परेशान करने या भेदभाव करने के लिए कभी भी सोशल मीडिया का उपयोग न करें।
- कॉपीराइट का सम्मान करें। किसी और के कार्य को पोस्ट करते समय सुनिश्चित करें आप सही ढंग से उस काम का श्रेय दे रहे हैं।
- कभी भी (या तो गलती से या जानबूझकर) गोपनीय व्यावसायिक जानकारी का खुलासा न करें।
- कभी भी (या तो गलती से या जानबूझकर) किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, जैसे स्नैपचैट या इन्स्टाग्राम पर कंपनी की सामग्रियों (जैसे, कार्यस्थल की तस्वीरें) को पोस्ट न करें।
- कभी भी जातिगत अपमान, व्यक्तिगत अपमान, अश्लीलता या किसी ऐसी चीज का उपयोग न करें जिसे हमारे कार्यस्थल में अस्वीकार्य माना जाता हो।
- McDermott के साथ अपने संबंध का खुलासा करते समय, और कंपनी के बारे में कुछ भी पोस्ट करते समय उसे शुद्ध रूप से अपने निजी विचारों के तौर पर पोस्ट करें।
- ध्यान दें कि हमारी संहिता में किसी भी बात का उद्देश्य, संरक्षित गतिविधियों में शामिल होने के आपके कानूनी अधिकार में बाधा डालना या उसे सीमित करना नहीं है, जैसे सार्वजनिक चिंता से संबंधित मामलों के बारे में बोलना।
- अपनी खुद की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के लिए, ख़ास तौर पर राजनीति, धर्म या सामाजिक हित से जुड़े अन्य विषयों के मामले में, संवेदनशील या संभावित रूप से विभाजनकारी मुद्दों से जुड़े किसी और के दावों को रिपोस्ट, "लाइक" या शेयर करने से पहले, स्रोतों को सात्यापित करें और तथ्यों की जांच करें।

# सोशल मीडिया का उपयोग करना



## एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न मैं अपने दैनिक जीवन के बारे में एक ब्लॉग शुरू करना चाहता हूँ। इसमें मेरे काम से जुडी कुछ कहानियाँ भी शामिल हो सकती हैं। क्या ऐसा करना ठीक है?**

**उत्तर** ऐसा करना ठीक होना चाहिए। लेकिन इतना जरूर सुनिश्चित कर लें कि आपकी पोस्टिंग से हमारी किसी नीति का उल्लंघन न हो, और यह भी साफ़ कर लें कि आपके द्वारा व्यक्त किया जाने वाला कोई राय, मैकडर्मट की राय का प्रतिनिधित्व न करता हो।

## और जानें

CMN-GEN-PL-00200.00/Social Media Policy

# एक स्वास्थ्यप्रद, सुरक्षित और निरापद कार्यस्थल को बनाए रखना



## एक उद्देश्य

हम कर्मचारियों के **कल्याण** को सबसे ऊपर रखते हैं। **कल्याण** में हमारा स्वास्थ्य, सुरक्षा और निरापदता शामिल है जिसे मान्यता दिए बिना या यदि लोग एक साथ मिलकर काम नहीं करते हैं तो हम अपने व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा नहीं कर सकते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

चूंकि हम सुरक्षा को खतरे में डालकर "व्यवसाय" नहीं करते हैं और चूंकि हम जानते हैं कि अधिकांश व्यावसायिक घटनाओं को रोका जा सकता है, इसलिए हमने एक घटना-मुक्त कार्यस्थल के अपने लक्ष्य तक पहुँचने में हमारी मदद करने के लिए "QHSES की मदद से नेतृत्व संभालना" संस्कृति की स्थापना की है।

सब समय स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रक्रियाओं, विनियमों और कानूनों का पालन करते हुए, हम, हममें से प्रत्येक व्यक्ति, एक साथ मिलकर काम करके इस लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं। वे हमारे सहकर्मियों, हमारे केन्द्रों, हमारे पड़ोसियों और हमारी रक्षा करने के लिए ही हैं।

आसपड़ोस से सतर्क रहना, परिस्थिति की जानकारी रखना, अच्छी सुरक्षा कार्यप्रथाओं का पालन करना और स्वास्थ्य, सुरक्षा या निरापदता सम्बन्धी जोखिम पैदा करने वाली परिस्थितियों के बारे में तुरंत रिपोर्ट करना भी जरूरी है।

### एक स्वास्थ्यप्रद, सुरक्षित और निरापद कार्यस्थल को बनाए रखना:

- अपने काम के लिए आवश्यक सभी प्रशिक्षण को पूरा करें।
- आपके द्वारा किए जाने वाले काम से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और नीतियों को पढ़ें और समझें।
- जीवन, शरीर या संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए आवाह्यक उपकरणों का नियमित निरीक्षण करें।
- अपने काम बंदी अधिकार का उपयोग करके असुरक्षित लगने वाले काम को बंद कर दें।
- खुद को अपने सहकर्मियों की रक्षा करके और अपने आसपास मौजूद लोगों के लिए सुरक्षित कार्य व्यवहार का नमूना पेश करके सुरक्षा को एक व्यक्तिगत आदर्श बनाएं।
- कभी भी नशीली दवाओं या शराब के नशे में काम न करें।
  - काम पर गैरकानूनी नशीली दवाओं के लिए कोई जगह नहीं है। किसी के द्वारा गैरकानूनी नशीली दवाओं के संदिग्ध उपयोग या पर्ची वाली दवाओं के संदिग्ध दुरुपयोग के बारे में तुरंत रिपोर्ट करें।
  - आपकी ड्यूटी चाहे जो भी, यदि आप कोई पर्ची वाली दवा ले रहे हैं या आपकी हालत ऐसी है जिससे आपके काम में बाधा उत्पन्न हो सकती है तो किसी प्रबंधक से बात करें।
- कार्यस्थल पर हिंसा रोकने में मदद करें।
  - कंपनी की संपत्ति या कार्यस्थलों पर पिस्तौल-बंदूक या खतरनाक उपकरण लाना सख्त मना है। अपने स्थानीय नियमों के बारे में मालूम करें और सभी लगे साइनेज का पालन करें।
  - किसी धमकीपूर्ण या भयभीतकारी व्यवहार की रिपोर्ट करें।

# एक स्वास्थ्यप्रद, सुरक्षित और निरापद कार्यस्थल को बनाए रखना



## एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **एक सहकर्मी इस बारे में बात करता रहता है कि वह कैसे अपने प्रबंधक को चोट पहुंचाना चाहता है। वह कहता है, वह सिर्फ मजाक कर रहा है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** कार्रवाई करें और आवाज उठाएं। यदि यह एक मजाक है तब भी इस तरह की बातें सच्ची हिंसा का रूप ले सकती हैं।

## और जानें

QHSES-GEN-PL-00100.00/QHSES नीति

# पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देनाा



## एक उद्देश्य

हम अपने बच्चों, समुदायों और ग्रह के लिए, कल और आज की रक्षा करके, जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम सबको पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी के साथ जीवन जीना और काम करना चाहिए। हम एक अधिक साफ़ और अधिक कार्यकुशल व्यवसाय चलाकर, पर्यावरण सम्बन्धी कानूनों और विनियमों का पालन करके और अधिक पर्यावरण सम्बन्धी स्थायी समाधानों को बढ़ावा देने के तरीके ढूंढकर ऐसा कर सकते हैं।

इसके लिए हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे द्वारा की जाने वाली गतिविधियों का मूल्यांकन संभावित पर्यावरणीय प्रभावों के लिए किया जाता हो और हमारे कर्मचारियों, पड़ोसियों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संबंधित प्रभावों के प्रबंधन के लिए नियंत्रणों की पहचान करने के लिए प्रक्रियाएं मौजूद हों। हम पर्यावरण संबंधी कानूनों और विनियमों के अनुपालन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण संबंधी सिस्टम, प्रक्रियाएं और सुनिश्चित निगरानी पद्धति विकसित करते हैं, कॉर्पोरेट प्रक्रियाएं निर्धारित करते हैं और जिन परिस्थितियों में प्रबंधन संबंधी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को लागू करना संभव हो, उनमें हम इससे बढ़कर कार्य करते हैं।

### पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा देना:

- नए व्यवसाय के अवसरों पर विचार करते समय, पर्यावरण संबंधी जोखिमों और उन्हें प्रबंधित करने के लिए ज़रूरी संसाधनों के बारे में विचार करें।
- अपने कार्य में पर्यावरण पर होने वाले हमारे प्रभाव को कम करने के अवसरों की पहचान करें।
- अगर आप कार्य की योजना बना रहे हैं, तो पर्यावरण संबंधी जोखिम पर विचार करें और उन्हें कम करने के लिए समाधान तय करें।
- अनुपालन, प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए सुनिश्चितता से जुड़ी समीक्षाएं निर्धारित करें और सीखे गए सबक रिकॉर्ड करें और साथ ही लगातार सुधार करने के परिवेश को बढ़ावा दें।
- अगर आप हमारे तृतीय-पक्षों के साथ कार्य कर रहे हैं या उन्हें चुनते हैं, तो यह पक्का करें कि वे भी पर्यावरण से जुड़ी जवाबदेही की हमारी प्रतिबद्धता का पालन करें।
- उत्पाद खरीदते समय, कच्ची सामग्री प्राप्त करने से लेकर अंतिम उत्पाद तक उसके जीवन-चक्र पर विचार करें।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न मुझे हाल ही में पता चला है कि हमारे एक इंजीनियरिंग डिजाइन में एक दोष है जिसकी वजह से फ्लूइड का रिसाव हो सकता है जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँच सकता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** आपको बोलना या आवाज उठाना चाहिए। पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकने वाली कार्य प्रथा के बारे में पता चलने पर, तुरंत अपने प्रबंधक या QHSES के किसी व्यक्ति को बताएं।

### और जानें

QHSES-GEN-PL-00100.00/QHSES नीति

QHSES-ENV-PG-00000.00 पर्यावरण संबंधी

# सामाजिक जिम्मेदारी और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना

## एक उद्देश्य

हम लोगों पर और हमारी दुनिया पर एक सकारात्मक प्रभाव डालने में विश्वास करते हैं, इसलिए हम अपने लिए और अपने व्यावसायिक साझेदारों के लिए उच्च मानक निर्धारित करते हैं और मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और बढ़ावा देते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम स्थानीय विकास को बढ़ावा देने के अवसरों का पता लगाते हैं और समुदायों में रणनीतिक तरीके से निवेश करते हैं।

कभी-कभी, हमारे सामाजिक निवेश में, सामुदायिक विकास पहलों से संबंधित स्वैच्छिक या नियामक योगदान भी शामिल होता है। यह सामाजिक निवेश, अक्सर स्थानीय गैर-लाभकारी या सरकारी एजेंसियों के साथ साझेदारी करके, समुदायों पर हमारे प्रभाव को कम करने और स्थानीय विकास को बढ़ावा देने के लिए "**एक मैकडर्मट तरीके**" से काम करने का हिस्सा है। यदि आप सामाजिक निवेश में शामिल हैं तो कृपया सामाजिक निवेश से संबंधित कंपनी की प्रक्रिया के बारे में जान लें और सावधानीपूर्वक उनका पालन करें।

अन्य पहलों में उन कारणों से दिए जाने वाले परोपकारी दान भी शामिल हो सकते हैं जो कारण मैकडर्मट को योग्य लगते हैं। इसमें परोपकारी कारणों, वस्तुरुपी योगदान या स्वयंसेवक कार्यक्रमों के लिए पैसे जुटाने से संबंधित सामाजिक कार्यक्रम शामिल हो सकते हैं। यह जरूरी है कि हमारा परोपकारी कार्य, मैकडर्मट में हमारे काम के बीच में कभी आना चाहिए। उसके लिए, हम कंपनी की प्रक्रियाओं का पालन किए बिना कभी किसी परोपकारी कारण के लिए कंपनी के समय, उपकरण या संसाधनों का उपयोग नहीं करते हैं।

हम अपने वैश्विक कार्य-संचालन में मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं। यह सुनिश्चित करना हममें से प्रत्येक के ऊपर है कि मैकडर्मट सभी लागू होने योग्य नीतियों, कानूनों और विनियमों का पालन करने की पूरी कोशिश करते हुए मानवाधिकारों का अधिक-से-अधिक सम्मान करता हो। हमारी **प्रतिबद्धता** में हमारे व्यावसायिक साझेदारों के साथ मानवाधिकारों के सम्मान को बढ़ावा देना और हमारे आदर्शों को साझा करने वाले लोगों के साथ काम करने की वरीयता का प्रदर्शन करना भी शामिल है।


कभी किसी ऐसे व्यक्ति या कंपनी के साथ व्यवसाय न करें जो मानवाधिकारों के दुरुपयोग में भाग लेता हो, और किसी को ऐसे किसी दुरुपयोग में शामिल होने का संदेह होने पर आवाज उठाएं।



मानवाधिकार सम्बन्धी दुरुपयोग में शामिल है:

- जबरन या बाल मजदूरी
- पहचान दस्तावेजों, जैसे पासपोर्ट तक पहुँच को प्रतिबंधित करना
- मानव तस्करी, यौन दुरुपयोग या शोषण
- शारीरिक या अमानवीय सजा
- असमान बर्ताव और अनुचित भेदभाव
- असुरक्षित कामकाजी हालत
- समुदाय में सुरक्षा सम्बन्धी दुरुपयोग

# सामाजिक जिम्मेदारी और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना



## मानवाधिकारों को बढ़ावा देना:

- सभी प्रकार की गुलामी के खिलाफ खड़े हों, जिसमें अस्वैच्छिक या जबरन मजदूरी, बाल मजदूरी, मानव तस्करी और मानवाधिकार सम्बन्धी दुरुपयोग में शामिल समूहों के लिए पैसों का इंतजाम करना शामिल है।
- हमारी कंपनी या उसकी आपूर्ति श्रृंखला के भीतर गैरकानूनी उद्देश्य से किसी को काम पर रखने, शरण देने या ले जाने के किसी काम को बर्दाश्त न करें।
- यह सुनिश्चित करने के लिए काफी करीब से तीसरे पक्षों के साथ हमारे संबंधों पर नजर रखें कि वे प्रत्येक व्यक्ति के साथ गरिमा और सम्मान के साथ बर्ताव करने के मामले में कानूनों, हमारी नीतियों और हमारी **प्रतिबद्धता** का पालन करते हैं।
- उन कानूनों का पालन करें जिनके लिए संघर्ष वाले खनिज के उपयोग का खुलासा करना जरूरी है और हमारे साथ व्यवसाय करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वैसा ही करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- मानवाधिकारों के दुरुपयोग में कभी न शामिल हों। दुरुपयोग दिखाई देने पर या संदेह होने पर आवाज उठाएं।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **हम लोग जिस तीसरे पक्ष के साथ साझेदारी करने के बारे में सोच रहे हैं उसके बारे में मैंने सुना है कि वह संदिग्ध श्रम प्रथाओं में शामिल है, लेकिन मैं चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं हूँ। क्या मुझे कुछ कहना चाहिए?**

**उत्तर** हाँ। हमारी नीतियों या हमारे आदर्शों के खिलाफ किसी गतिविधि के बारे में या हमारी कंपनी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकने वाली गतिविधि के बारे में पता चलने पर, आवाज उठाएं। निर्णय प्रक्रिया में शामिल अपने सहकर्मियों को बताएं कि आपको क्या पता चला है।

### और जानें

PED-GEN-PL-00000.01/सामाजिक जिम्मेदारी

# राजनीतिक दृष्टि से जुड़ना



## एक उद्देश्य

हम अपने साथी कर्मचारियों के विभिन्न दृष्टिकोणों को समझते और सम्मान करते समय, हम राजनीतिक प्रक्रिया में भागीदारी को महत्व देते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम हमेशा इस बात को ध्यान में रखते हुए आपको राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि क़ानून के साथ-साथ कंपनी की नीति के अनुसार, आपकी राजनीतिक गतिविधि सम्पूर्ण रूप से आपका व्यक्तिगत मामला होना चाहिए।

हम अपने व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधियों को हमारी कार्य सम्बन्धी जिम्मेदारियों के बीच में आने नहीं देते हैं और उन्हें सावधानीपूर्वक मैकडर्मट के साथ हमारे संघ से अलग रखते हैं।

हम मैकडर्मट में विचारों और रायों की विविधता का भी सम्मान करते हैं और सहकर्मियों को एक ऐसे कारण का समर्थन करने के लिए कभी मजबूर नहीं करते हैं जिसकी हम बड़ी परवाह करते हैं।

### राजनीतिक रूप से जुड़ना:

- सिर्फ अपनी तरफ से राजनीतिक मामलों पर बोलें या कुछ करें – मैकडर्मट के लिए न बोलें।
- राजनीतिक उद्देश्य से कंपनी के नाम, संसाधनों या अपने पद का उपयोग न करें।
- किसी व्यक्तिगत राजनीतिक योगदान के लिए मुआवजा पाने की उम्मीद न करें।
- याद रखें कि मैकडर्मट, क़ानून के द्वारा स्वीकृत परिस्थितियों और सिर्फ असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, राजनीतिक उम्मीदवारों या दलों के समर्थन में कोई उपहार या कोई मूल्यवान वस्तु प्रदान नहीं करता है।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न मुझे एक स्थानीय समाचार स्टेशन द्वारा उस काम पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया है जो मैं एक राजनीतिक अभियान के दौरान कर रहा हूँ। स्टेशन, मेरे नाम, पेशे और काम की जगह के बारे में बताकर मेरा परिचय कराना चाहता है। क्या ऐसा करना ठीक है?**

**उत्तर** आपकी चिंता सही है. अपने मैनेजर से संपर्क करें और उनका अनुमोदन पाने के लिए पहले उनसे बातचीत करें और इसके बाद, अनुमोदन मिल जाने पर यह पक्का करें कि आपकी प्रतिभागिता में हमारी नीतियों का अनुपालन किया जाए। यह बात साफ़ कर लें कि आपके द्वारा व्यक्त की जाने वाली राय, आपकी अपनी राय है।

### और जानें

COMN-GEN-PR-00100.00/तृतीय-पक्षीय योगदान नीति



# कल्याण

**हम एक कंपनी के रूप में अपनी उपलब्धियों पर गर्व करते हैं। लेकिन, हम जानते हैं कि हमारी सफलता का सही उपाय, हमारे साथी कर्मचारियों का स्वास्थ्य, ख़ुशी और कल्याण है।**

# हमारी प्रतिबद्धता

**इस खंड में:**

- लागत-सचेत बनना
- कर्मचारियों का नेतृत्व और विकास करना
- कर्मचारी देना और स्वयंसेवा करना
- हमारी जानकारी और पहचान की रक्षा करना
- आवाज उठाना
- शून्य प्रतिशोध

# लागत-सचेत बनना



## एक उद्देश्य

हम ऐसे तरीके से काम करते हैं जिससे सम्पूर्ण कंपनी का महत्व बढ़ सके जिसके लिए हम व्यक्तिगत भौगोलिक क्षेत्रों या व्यावसायिक इकाइयों से परे सोचते हैं और हमारे सम्पूर्ण वित्तीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के तरीके ढूंढते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम लागत कम करने वाले लक्ष्य निर्धारित करते हैं और वहां तक पहुँचने में हमारी मदद करने वाली कार्यनीतियाँ विकसित करते हैं। अपने मार्ग पर बने रहने से हमें कार्यकुशलता और लाभप्रदता के लिए प्रतिबद्ध एक अधिक लागत-सचेत संस्कृति का लाभ मिलता है।

मैकडर्मट हमारी वित्तीय परिसंपत्तियों के जिम्मेदार प्रबंधक बनने के लिए हममें से प्रत्येक पर भरोसा करता है। हमें सिर्फ जरूरी चीजें खरीदकर या उनमें फेरबदल करके संचालन लागत को कम रखने का लक्ष्य रखना चाहिए। हमें हमारी वितरण लागत और प्रत्याशित लाभ को सटीक ढंग से प्रतिबिंबित करने वाली सूचित और प्रतिस्पर्धी बोलियाँ भी प्रस्तुत करनी चाहिए।

हमारी कंपनी के जमीनी स्तर पर हममें से प्रत्येक का प्रभाव पड़ता है - चाहे हम आपूर्तियाँ खरीदते हैं, विक्रेताओं के साथ काम करते हैं या यहाँ तक कार्यालय की आपूर्तियों का उपभोग करते हैं। हम चाहे जो भी काम करते हों, हम सबको कंपनी के सम्पूर्ण बजट को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए। आखिरकार, हम **एक टीम** हैं, इसलिए जब मैकडर्मट सफल होता है तब हम सब सफल होते हैं।

### लागत-सचेत बनना:

- बजट सम्बन्धी लक्ष्यों, दिशानिर्देशों या आपके पद पर लागू होने योग्य खर्च सीमा का पालन करें।
- यदि उत्पादों और सेवाओं को प्राप्त करने या खरीदने की जिम्मेदारी आपकी है तो सर्वोत्तम संभावित मूल्य ढूंढें और बर्बादी और फालतूपन को कम करने के तरीके ढूंढें।
- आप जो करते हैं उसमें कार्यकुशलता को बेहतर बनाने के तरीकों पर विचार करें।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **मैं मध्यपूर्व में एक परियोजना का परियोजना प्रबंधक हूँ। इस परियोजना के एक हिस्से के रूप में एक जहाज का उपयोग करना जरूरी है। मेरे सामने मैकडर्मट के स्वामित्व वाले जहाज या एक तीसरे पक्ष के जहाज का उपयोग करने का विकल्प है। मैकडर्मट का जहाज, कुल मिलाकर कंपनी के लिए सबसे अच्छा विकल्प है, लेकिन तीसरे पक्ष का जहाज थोड़ा ज्यादा सस्ता है। यदि मैं तीसरे पक्ष के जहाज का उपयोग करता हूँ तो मेरी परियोजना की लाभप्रदता बढ़ जाएगी लेकिन मैकडर्मट के स्वामित्व वाला जहाज बेकार पड़ा रहेगा। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** मैकडर्मट, **एक टीम** के रूप में ऊपर उठता या नीचे गिरता है, न कि व्यक्तिगत परियोजनाओं, भौगोलिक क्षेत्रों या व्यावसायिक इकाइयों के रूप में। इस परिस्थिति को दोनों इकाइयों पर आम प्रबंधकीय जिम्मेदारी वाले व्यक्ति के सामने रखें।

### और जानें

PMC-PC-PR-50000/लागत नियंत्रण और विश्लेषण

# कर्मचारियों का नेतृत्व और विकास करना



## एक उद्देश्य

हम मैकडर्मट के मूल और संचालन सम्बन्धी आदर्शों, रणनीतियों और पहलों के समर्थन में अपने कार्यबल को शिक्षण सम्बन्धी समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे प्रभावी कर्मचारी प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम प्रदान करके मैकडर्मट की वृद्धि और लाभप्रदता में योगदान मिलता है। इसके अलावा, एक एकीकृत प्रतिभा प्रबंधन मॉडल के माध्यम से, यह व्यवसाय रणनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जैसे एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति या एक संगठन के लोगों को प्रबंधित करना। प्रतिभा समीक्षा, कार्य प्रदर्शन प्रबंधन और उत्तराधिकार नियोजन जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से, मैकडर्मट, वर्तमान और भावी व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कर्मचारियों को विकसित करने और संभालकर रखने के लिए समर्पित हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

आज और भविष्य में व्यवसाय की जरूरतों को सहारा देने के लिए आतंरिक रूप से क्षमता का निर्माण करने के लिए, वृद्धि और विकास में मदद करने के लिए नेतृत्व के सभी स्तर पर विकास के अवसर उपलब्ध हैं।

हमारे नेतृत्व कार्यक्रम, रणनीतिक रूप से लक्षित कौशल निर्मय अभ्यासों, अनुकरणों, मामलों के अध्ययनों के साथ उपदेश और पाठ्यक्रम की पेशकश के माध्यम से और सार्थक संबंधों को बढ़ावा देकर मैकडर्मट में नेतृत्वकर्ताओं का विकास करते हैं। उदाहरण के लिए, हमारा आरंभिक-करिअर नेतृत्व कार्यक्रम, आरंभिक-करिअर कर्मचारियों के वर्तमान नेतृत्व सम्बन्धी प्रभावकारिता को बढ़ाने और मैकडर्मट पर प्रभाव डालते हुए उनके नेतृत्व करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए उनके अन्दर अपने, अपने सहकर्मियों और काफी हद तक व्यवसाय के बारे में एक बहुत अच्छी समझ विकसित करने के लिए ज्ञान, कौशल और व्यवहारों की मदद से उनका विकास करते हैं।

# कर्मचारियों का नेतृत्व और विकास करना

वरिष्ठ नेतृत्व स्तर पर, एक कार्यकारी आकलन केंद्र है जिसमें संगठन में हमारे नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने और वृद्धि करने के लिए एक व्यवसाय अनुकरण और नेतृत्व अनुभव शामिल है।

कार्यबल का कौशल बढ़ाने और काम के दौरान विकास करने का अवसर प्रदान करने के लिए आवर्ती अवसर उपलब्ध हैं। इसके अलावा हम कार्य आवर्तन के माध्यम से विकास के लिए आतंरिक आन्दोलन को भी बढ़ावा देते हैं, जिन्हें हम हमारे स्नातक विकास कार्यक्रम (ग्रेजुएट डेवलपमेंट प्रोग्राम या GDP) और आदान-प्रदान इंजीनियरिंग कार्यक्रम (एक्सचेंज इंजीनियरिंग प्रोग्राम) जैसे कार्यक्रमों में शामिल करते हैं। GDP हालिया स्नातकों के लिए है जो हमारे व्यवसाय में रूचि रखते हैं जहाँ मैकडर्मट के मूल कार्यों में एक्सपोजर प्राप्त करने के लिए लगातार कई बार उनके पद का आवर्तन किया जाता है।

विकास की संस्कृति को सहारा देने के लिए अन्य अवसर भी उपलब्ध हैं जिनमें एक संरचित उपदेश कार्यक्रम, ऑनलाइन शिक्षण मार्ग और आकलन साधन शामिल है जो गंभीर व्यावसायिक प्राथमिकताओं से संबंधित क्षमता और तैयारी से जुड़ी अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

कार्य प्रदर्शन प्रबंधन, व्यक्तिगत और टीम सम्बन्धी लक्ष्यों को संगठन के रणनीतिक लक्ष्यों के साथ मिलाने, क्षमता का निर्माण करने और प्रगति की समीक्षा और आकलन करने की एक निरंतर प्रक्रिया है। HR LaunchPad ऐसा टैलेंट मैनेजमेंट सिस्टम है, जिसका इस्तेमाल पूरे वर्ष आपके खुद के और साथ ही आपकी टीम के प्रदर्शन को प्रबंधित करने के लिए किया जाता है।

कर्मचारियों को अपने करिअर का स्वामित्व ग्रहण करने और विशिष्ट क्षमता का निर्माण करने के लिए लक्षित कार्यों की मदद से एक करिअर विकास योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसे कर्मचारी के प्रबंधक की साझेदारी से पूरा किया जाता है। यह प्रक्रिया, हमारी प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करके स्वचालित तरीके से चलती है, और कर्मचारी, ऑनलाइन विकास नियोजन और प्रदर्शन तंत्रों का लाभ उठा सकते हैं।

### कर्मचारियों का नेतृत्व और विकास करना:

- एक सहकर्मी को नए कौशल सिखाने और अपने ही कौशल को बढ़ाने के लिए सहकर्मियों के साथ पार-प्रशिक्षण पर विचार करें।
- मेंटर बने; किसी को नियुक्त करके उसे विकसित करें; शानदार करियर में आगे बढ़ें, योग्य होने पर अपने खुद की प्रगति को भी रफ़्तार दें।
- टीम के सदस्यों के साथ नियमित प्रतिक्रिया चर्चा में शामिल हों।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न मैं हाल ही में एक सहकर्मी के साथ बात कर रहा था जिसने मैकडर्मट विश्वविद्यालय का जिक्र किया। मैं विश्वविद्यालय की पेशकश के बारे में और ज्यादा जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकता हूँ?**

**उत्तर** यहाँ मौजूद मैकडर्मट विश्वविद्यालय के पृष्ठ पर जाएं।

**प्रश्न मैं मैकडर्मट में प्रतिभा और संगठनात्मक विकास के बारे में और ज्यादा जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकता हूँ?**

**उत्तर** यहाँ मौजूद T&OD पृष्ठ पर जाएं।

**प्रश्न मैं मैकडर्मट में विकास के बारे में किससे बात कर सकता हूँ?**

**उत्तर** अपने प्रबंधक, क्षेत्र T&OD संपर्क या अपने स्थानीय HR व्यावसायिक साझेदार से संपर्क करें। या आप मदद के लिए corporateod@mcdermott.com पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# कर्मचारी देना और स्वयंसेवा करना



## एक उद्देश्य

हम उन समुदायों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ हम रहते और काम करते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

हम स्थानीय और वैश्विक दोनों स्तर पर, विभिन्न सामुदायिक संगठनों और कारणों के लिए पैसे जुटाने और स्वयंसेवा प्रदान करने के लिए समय देने की प्रक्रिया को बहुत महत्व देते हैं।

एक कंपनी के रूप में, हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण और अन्य कारणों के लिए दुनिया भर में सहयोग और योगदान प्रदान करने के लिए पैसे दान दिए हैं जिन कारणों के बारे में हमारे कर्मचारी बड़े उत्साही हैं।

हम सिर्फ अपने कॉर्पोरेट प्रदर्शन को ही नहीं, बल्कि अपने सामाजिक प्रभाव को भी प्रबंधित करने की अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह समझते हैं। हम https://www.globalgiving.org/ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से इस लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश करते हैं। ग्लोबलगिविंग (GlobalGiving), मैकडर्मट और उसके कर्मचारियों के लिए दुनिया भर के परोपकारी संगठनों की मदद करने का एक माध्यम है। उन कारणों के लिए कुछ देने के लिए एक माध्यम के रूप में इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित महसूस करें जिन कारणों के बारे में आप परवाह करते हैं। आप वैश्विक स्तर पर एक सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

### देते और स्वयंसेवा करते समय:

- ऐसा इस तरह करें कि हमारे लिए आपके द्वारा किए जाने वाले काम के साथ कोई संघर्ष न हो।
- सुनिश्चित करें कि आपके योगदान, नीतिपूर्ण और पारदर्शी हों।
- कंपनी की प्रक्रियाओं का पालन किए बिना परोपकारी कारणों के लिए कंपनी के समय, उपकरण या संसाधनों का उपयोग कभी न करें।

**एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प**

**प्रश्न मैं अपने समुदाय में एक व्यक्तिगत परोपकारी गतिविधि में शामिल हूँ। क्या मैं हमारे कुछ आपूर्तिकर्ताओं से योगदान करने की विनती करने के लिए हमारी कंपनी के लेटरहेड का उपयोग कर सकता हूँ?**

**उत्तर** नहीं, व्यक्तिगत परोपकारी गतिविधियों के लिए हमारे आपूर्तिकर्ताओं से विनती करने से अनुचितता या हित संघर्ष का एहसास हो सकता है। आपूर्तिकर्ताओं के साथ सम्बन्ध और खरीद प्रक्रिया सिर्फ और सिर्फ वैधानिक व्यावसायिक बातों पर आधारित होनी चाहिए।

**और जानें**

शामिल हों - स्थायित्व

# हमारी जानकारी और पहचान की रक्षा करना

## एक उद्देश्य

डेटा संरक्षण कानूनों और विनियमों का पालन, व्यवसाय करने का आधार है। हम निजता और डेटा की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और ब्रांड की रक्षा करने के लिए हमारे व्यक्तिगत डेटा और गोपनीय जानकारी की निजता की रक्षा करते हैं।

## हमारा कार्य सम्बन्धी उद्देश्य

एक वैश्विक कंपनी के रूप में, मैकडर्मट को लगातार अधिक परिमाण में व्यक्तिगत डेटा तैयार, भंडारित और स्थानांतरित करना पड़ता है। इसके लिए हमने कुछ नीतियों और प्रक्रियाओं की स्थापना की है ताकि हम ऐसे कानूनों का पालन करते रहें। हमारी जानकारी और पहचान की रक्षा करने के लिए, हमें निजी और गोपनीय जानकारी को सही ढंग से भंडारित करना चाहिए और उसे सुरक्षित रखना चाहिए, चाहे वह कंपनी से जुड़ी गोपनीय जानकारी हो या हमारे कर्मचारियों या तीसरे पक्षों से जुड़ी गोपनीय जानकारी।

कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति के साथ या उचित अधिकार के बिना बौद्धिक संपत्ति और व्यक्तिगत पहचान वाली जानकारी जैसी गोपनीय जानकारी शेयर न करें जिसे अपना काम करने के लिए उसकी जरूरत न हो।

यदि आपने एक पूर्व नियोक्ता से व्यापार रहस्य या अन्य गोपनीय या मालिकाना जानकारी तक पहुँच प्राप्त की है तो वह बौद्धिक संपत्ति आपके पूर्व नियोक्ता की है - न कि आपकी या मैकडर्मट की। चाहे आपने अपने पूर्व नियोक्ता के साथ एक गोपनीयता समझौते पर हस्ताक्षर किया हो या नहीं, छेड़छाड़ से, कानूनी रूप से, अपने पूर्व नियोक्ता की बौद्धिक संपत्ति की रक्षा करना, आपका दायित्व हो सकता है।

**गोपनीय जानकारी वह जानकारी है जिसके बारे में लोगों को पता नहीं है। इसका खुलासा करने पर यह प्रतिस्पर्धियों के लिए उपयोगी या हमारी कंपनी या हमारे ग्राहकों के लिए हानिकारक हो सकता है। इसमें शामिल हो सकता है:**

- मानव संसाधन सम्बन्धी जानकारी, जैसे रोजगार, पारिश्रमिक और वेतन सम्बन्धी डेटा
- बिक्री और मार्केटिंग सम्बन्धी जानकारी, जैसे ग्राहक सम्बन्धी जानकारी और अनुबंध की शर्तें
- वित्तीय जानकारी, जैसे लागत और लाभ सीमा
- रणनीतिक जानकारी, जैसे आपूर्तिकर्ताओं की सूची और गुणवत्ता सम्बन्धी डेटा

**बौद्धिक संपत्ति (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी या IP) एक प्रकार की गोपनीय जानकारी है जिसका मतलब हमारे द्वारा तैयार की जाने वाली चीजें हैं जो कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क क़ानून द्वारा सुरक्षित हैं। IP के उदाहरणों में शामिल हैं:**

- अविष्कार
- साहित्यिक या कलात्मक कार्य
- मालिकाना प्रक्रियाएं
- प्रणालियाँ
- मालिकाना जानकारी वाले दस्तावेज
- मार्केटिंग सम्बन्धी रहस्य
- ब्रांडिंग पहचान

**व्यक्तिगत पहचान वाली जानकारी, एक और प्रकार की गोपनीय जानकारी (चाहे इलेक्ट्रॉनिक, हार्ड कॉपी या किसी अन्य पठनीय/स्थानांतरणीय फॉर्मेट में) है जिसमें एक व्यक्ति की पहचान करने वाली या भविष्य में एक व्यक्ति की पहचान कर सकने वाली जानकारी शामिल है, जैसे किसी का:**

- नाम
- ईमेल पता
- भौतिक पता
- पहचानमूलक संख्या या जैविक जानकारी (जैसे, सरकार द्वारा जारी नंबर, जन्म तिथि, पासपोर्ट या ड्राइवर का लाइसेंस नंबर)
- रोजगार का इतिहास
- फोटो

# हमारी जानकारी और पहचान की रक्षा करना

## हमारी जानकारी और पहचान की रक्षा करना:

- यदि आप इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि कोई जानकारी, गोपनीय जानकारी है या नहीं, तो उसका खुलासा करने से पहले मदद मांगें - या उसे उसी स्थिति में छोड़ दें।
- अपने व्यक्तिगत ईमेल अकाउंट पर कभी कोई गोपनीय जानकारी ईमेल न करें।
- सार्वजनिक जगहों पर गोपनीय जानकारी की चर्चा करने से बचें जहाँ दूसरे सुन सकते हों।
- गोपनीय जानकारी को सिर्फ तभी एक्सेस करें जब आपको अपना काम करने के लिए उसकी जरूरत हो।
- गोपनीयता समझौतों का सम्मान करें और किसी तीसरे पक्ष के साथ कभी किसी और की गोपनीय जानकारी शेयर न करें।
- अपने प्रबंधक को गोपनीय जानकारी के संदिग्ध चोरी या दुरुपयोग के बारे में तुरंत सूचित करें।
- खुले या असुरक्षित ईमेल के माध्यम से कभी भी व्यक्तिगत पहचान वाली जानकारी शेयर न करें। ऐसी जानकारी को हमेशा सुरक्षित फाइलों में पासवर्ड द्वारा सुरक्षित करके रखें (या सुरक्षित फ़ाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल का उपयोग करें), ख़ास तौर पर दूसरे देशों में अनुमोदित तृतीय पक्षीय सेवा प्रदाताओं के साथ शेयर या ट्रांसफर करने से पहले।

### एक मैकडर्मट तरीका > सही विकल्प

**प्रश्न** **मुझे गोपनीय HR रिकॉर्ड्स वाला एक दस्तावेज मिला है। मुझे विश्वास है कि इसे दुर्घटनावश एक सुलभ फ़ाइल में सहेज कर रखा गया होगा। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर** उस जानकारी को सुनिश्चित रूप से हटाने या सुरक्षित करने के लिए, अपने प्रबंधक या IT में किसी व्यक्ति को इसके बारे में सूचित करें। यदि जानकारी को रखना जरूरी है तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सही लोगों के पास यह पहुंचे ताकि उसे सही ढंग से सुरक्षित किया जा सके।

**प्रश्न** **मैं सुनिश्चित नहीं हूँ कि अपने पूर्व नियोक्ता के पास काम करते समय मैंने जो कुछ सीखा था उसमें एक व्यापार रहस्य या अन्य गोपनीय या मालिकाना जानकारी शामिल है या नहीं। मैं किससे परामर्श कर सकता हूँ?**

**उत्तर** आप सबसे पहले खुद से पूछ सकते हैं कि आपने जो सीखा है वह आपके पूर्व नियोक्ता के लिए अनोखा है या नहीं, जैसे एक पेटेंट, प्रक्रिया या प्रणाली जिन्हें उन्होंने (या आपने, रोजगार के दौरान) विकसित किया था और जिसके बारे में सबको पता नहीं है या जो जानने योग्य नहीं है। मैकडर्मट के वकील आपको उन संसाधनों की स्थिति का पता लगाने में मदद कर सकते हैं जो आपकी अनिश्चितता का समाधान कर सकते हैं, लेकिन वे आपको आपकी विशिष्ट चिंता से जुड़े तथ्यों से संबंधित सलाह नहीं दे सकते हैं क्योंकि बौद्धिक संपत्ति की रक्षा करने से संबंधित आपका कर्तव्य, आपके और आपके पूर्व नियोक्ता के बीच मौजूद है, न कि मैकडर्मट और आपके बीच (या मैकडर्मट और आपके पूर्व नियोक्ता के बीच)। यदि आपकी चिंता बनी रहती है तो आपको अपने व्यक्तिगत खर्च पर एक वकील से परामर्श करनी चाहिए।

### और जानें

IT-SEC-PR-00900.00/सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली नीति

LCR-EC-PL-00400.00/डेटा निजता

# बोलना या आवाज उठाना



किसी संहिता का उल्लंघन दिखाई देने या संदेह होने पर या एक ऐसी परिस्थिति के बारे में मन में कोई सवाल होने पर जिसमें आप शामिल हैं, बोलें या आवाज उठाएं। हमारी प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए ऐसा करना जरूरी है।

बोलने या आवाज उठाने के कई तरीके हैं और आपको उसी तरीके का उपयोग करना चाहिए जिसमें आप सबसे ज्यादा सहज महसूस करते हैं। आप हमेशा अपने प्रबंधक से शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन यदि आपको दूसरा विकल्प चाहिए तो आप निम्नलिखित से संपर्क कर सकते हैं:

- कोई दूसरा प्रबंधक या एक भरोसेमंद सहकर्मी
- आपका मानव संसाधन प्रतिनिधि
- आपका क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी या क्षेत्रीय संवहनीयता और प्रशासन (S&G) टीम का कोई दूसरा सदस्य
- कॉर्पोरेट आचारनीति और अनुपालन टीम
- मुख्य नैतिकता और अनुपालन अधिकारी

आप ethics@mcdermott.com पर ईमेल करके व्यक्तिगत रूप से और web के ज़रिए या McDermott की इंटरनेशनल हेल्पलाइन (800) 493-0458 के ज़रिए टेलीफ़ोन द्वारा रिपोर्ट कर सकते हैं।


एथिक्स हेल्पलाइन, आचारनीति और अनुपालन टीम को संदिग्ध लेखांकन या लेखापरीक्षण सम्बन्धी मामलों से जुड़ी चिंताओं की रिपोर्ट करने के एक माध्यम के रूप में भी उपलब्ध है। एक स्वतंत्र संगठन, सप्ताह में सातों दिन, दिन भर में 24 घंटे, एथिक्स हेल्पलाइन पर जवाब देता है और जरूरत पड़ने पर एक दुभाषिया भी उपलब्ध कराता है। यदि वे आपकी भाषा नहीं बोलते हैं तो वे कुछ मिनट के भीतर एक दुभाषिया ढूंढ लेंगे।

एक समस्या की रिपोर्ट करते समय, आपसे आपके स्थान, घटना स्थल, शामिल लोगों के नाम और अन्य विवरण प्रदान करने के लिए कहेंगे ताकि कंपनी छानबीन कर सके। प्रत्येक रिपोर्ट को एक सम्पूर्ण छानबीन और उपयुक्त कार्रवाई के साथ शीघ्रतापूर्वक, सावधानीपूर्वक और पेशेवर तरीके से हैंडल किया जाता है।

कृपया ध्यान दें कि एथिक्स हेल्पलाइन पर आने वाली सभी कॉल को यथासंभव गोपनीय तरीके से हैंडल किया जाता है। यदि आप चाहें तो आप गुमनाम रह सकते हैं, लेकिन इससे छानबीन करना और आपकी समस्या का समाधान करना ज्यादा कठिन हो सकता है। यदि आप गुमनाम तरीके से रिपोर्ट करते हैं तो आपको लॉग इन करने और अपने मामले की स्थिति जानने के लिए एक सुरक्षित कोड प्राप्त होगा जिसे आपको बार-बार जांचते रहना चाहिए ताकि जांचकर्ता द्वारा पूछे जा सकने वाले सवालों का जवाब दे सकें।

# शून्य प्रतिशोध

बाकी निश्चिन्त रहें कि हम सद्भावना के साथ समस्या की रिपोर्ट करने वाले के खिलाफ किसी भी तरह का प्रतिशोध बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि आपकी रिपोर्ट झूठी भी साबित हो जाती है या सत्यापित नहीं हो पाती है तो सद्भावना के साथ आने पर प्रतिशोध से आपकी रक्षा की जाती है। आगे बढ़कर और बोलकर **निष्ठा** के साथ मैकडर्मट को काम करने में मदद करने में अपनी भूमिका निभाएं।



# प्रतिबद्धता

**प्रतिबद्धता, हमारे द्वारा किए जाने वाले हर कार्य का आधार है। जब हम अपने आदर्शों, अपने कार्य और एक दूसरे के प्रति अपने आपको समर्पित करते हैं तब हम व्यक्तिगत रूप से और एक टीम के रूप में दोनों तरह से सफल होते हैं।**